

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, गुरुवार 2 मार्च 2023 ■ फाल्गुन शुक्ल पक्ष -10 ■ वर्ष- 38 ■ अंक-332 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 3 मार्च 2023 ₹ 1.00



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### गुरुजी ने कहा- बिकती है तो पीते हैं

**बिलासपुर,2 मार्च।** नशे में धुत्त होकर कार चला रहे एक सरकारी शिक्षक को जब पुलिस ने रोका तो वे गलती मानने के बजाए सरकार और मुख्यमंत्री पर ही बरस पड़े। उन्होंने कहा कि शराब बिकती है इसलिए वे पीते हैं। शराब की बिक्री बंद करवा दो कोई न तो शराब खरीदेगा न ही उसे पिएगा। फिर पुलिस ने उनका मुलाहिजा भी करवाया।

खबर के अनुसार बुधवार को गौरेला पेंड्रा मरवाही में शिक्षक के पद पर कार्यरत शिक्षक पेंड्रा के गिरारी गांव में पढ़ाता है। जब वह नशे में ड्राइविंग कर रहा था तो लोगों ने इसकी शिकायत पुलिस से कर दी। फिर पुलिस ने उन्हें पकड़कर थाने में बिठाया। तब उन्होंने कहा कि शराब की बिक्री बंद करवाओ कोई कर्मचारी या शिक्षक शराब पिएगा ही नहीं। जब पुलिस ने मुलाहिजा के लिए जाने को कहा तब उन्होंने कहा कि मुलाहिजा की जरूरत नहीं है मैं शराब पिया हुआ हूं। मामला जीपीएम के पेंड्रा थाने का है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शिक्षक इतना नशे में था कि गाड़ी से उतर भी नहीं पा रहा था। जब मीडिया के लोग वहां पहुंचे तो उन्हें ही धमकाने लगा। उन्होंने मुख्यमंत्री के लिए कहा कि उसे बोलो कि दारू बिकवाना बंद करे। मीडिया के लोगों को कहा कि तुमलोग नेतागिरी मत करो। इस मामले में पुलिस ने उनकी कार जब्त कर ली है और शिक्षा विभाग भी कार्रवाई की तैयारी में है।

### हाईकोर्ट : अब दो दिन पहले आ जाएगी कॉज लिस्ट

**बिलासपुर,2 मार्च।** हाईकोर्ट में अब पहले की तरह प्रकरणों की लिस्ट दो दिन पहले जारी कर दी जाएगी. चीफ जस्टिस के निर्देश पर रजिस्ट्रार जनरल ऑफिस से इस संबन्ध में नोटिस जारी किया गया है. कोविड-19 से उपजी परिस्थिति के कारण अधिवक्ताओं को डेली कॉज लिस्ट शाम को ही मिल पा रही थी. जिससे अधिवक्ताओं के साथ-साथ पक्षकारों को असुविधा हो रही थी. इसके पहले कॉज लिस्ट 2 दिन पहले जारी कर दी जाती थी. इसे दोबारा शुरू कराने के लिए हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अब्दुल वहाब खान ने



हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस अरूप कुमार गोस्वामी को पूर्व में ज्ञापन सौंपकर ध्यान दिलाया था. पिछले शुक्रवार को हाईकोर्ट बार के अध्यक्ष ने दोबारा चीफ जस्टिस से मिलकर पहले दिए गए ज्ञापन के संबंध में बताया था कि कॉज लिस्ट पहले की तरह 2 दिन पूर्व जारी करने से अधिवक्ताओं को सुविधा होगी. इस पर मुख्य न्यायाधीश के द्वारा आश्वस्त किया गया था. अब 1 मार्च 2023 को नोटिफिकेशन जारी कर डेली कॉज लिस्ट और वीकली कॉज लिस्ट के संबंध में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट रूल्स 2007 के अनुसार व्यवस्था देते हुए 2 दिन पूर्व लिस्टिंग की व्यवस्था कर दी गई है. हाईकोर्ट हर दिन एक सूची जारी करता है. जिसमें सुनवाई के लिए निर्धारित मामलों का लेखा-जोखा होता है. ये लिस्ट हर दिन अधिवक्ताओं को सुबह मिल जाती है. इसी आधार पर वकील तैयारी कर कोर्ट में जाते हैं. इस सूची को ही कॉज लिस्ट कहते हैं.

# मुख्य चुनाव आयुक्त व आयुक्तों की नियुक्ति अब पीएम,सीजेआई व नेता प्रतिपक्ष की कमेटी करेगी



सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

नई दिल्ली,2 मार्च। मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर सर्वोच्च न्यायालय का 'सुप्रीम' फैसला आया है। आयोग में इन महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्तियां अब सीबीआई चीफ की तर्ज पर ही होगी। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति अब प्रधानमंत्री, चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया और लोकसभा में नेता विपक्ष की कमेटी करेगी। ये कमेटी एक नाम पर अपनी सहमती बनाने के बाद उसे राष्ट्रपति के पास मंजूरी के लिए भेजेगी। राष्ट्रपति की मुहर लगने के बाद चुनाव आयोग में इन शीर्ष पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। अदालत ने अपने फैसले में ये भी साफ किया है कि अगर लोकसभा में विपक्ष के नेता नहीं हैं तो फिर सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी के नेता को कमेटी में शामिल किया जाएगा।

दरअसल सुप्रीम कोर्ट में चुनाव आयोग में नियुक्तियों को लेकर याचिकाएं दाखिल की गई थी। जिसमें सर्वोच्च न्यायालय से मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के लिए कॉलेजियम जैसे सिस्टम बनाने की मांग की गई थी। उन सभी याचिकाओं पर गुरुवार को 5 जजों की बेंच जस्टिस केएम जोसेफ, जस्टिस अजय रस्तोगी, जस्टिस अनिरुद्ध बोस, जस्टिस हृषिकेश रॉय और जस्टिस सीटी रविकुमार की बेंच ने 5-0 की सर्वसम्मति से अपना फैसला सुनाया है। न्यायमूर्ति केएम जोसेफ की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने अपने फैसले में कहा है, यह नियम तब तक जारी रहेगा जब तक संसद इन नियुक्तियों के लिए कानून नहीं बनाती।

### हिंडनबर्ग रिपोर्ट मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने बनाई एक्सपर्ट कमेटी

हिंडनबर्ग रिपोर्ट के मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने एक्सपर्ट कमेटी का गठन किया। सुप्रीम कोर्ट निवेशकों की सुरक्षा के लिए नियामक तंत्र से संबंधित समिति के गठन पर हिंडनबर्ग रिपोर्ट से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि समिति स्थिति का समग्र आकलन करेगी और निवेशकों को जागरूक करने के उपाय सुझाएगी। एक्सपर्ट कमेटी में सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति एएम सप्रे के साथ ही ओपी भट्ट, केवी कामथ, नंदन नीलेकणि, जस्टिस देवधर और सोमशेखर सुंदरेसन शामिल हैं। सेबी और जांच एजेंसियां विशेषज्ञ पैनल का समर्थन करेंगी। सर्वोच्च न्यायालय ने हालिया शेयर दुर्घटना की जांच के लिए समिति गठित करने का आदेश दिया है। कमेटी शेयर बाजार में आई गिरावट के कारणों की जांच करेगी और भविष्य के लिए

# जल जीवन मिशन में गड़बड़ी पर वॉकआउट

रायपुर,2 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़





छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र 1 मार्च से शुरू हो चुका है। बिलासपुर संभाग में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों में गड़बड़ी को लेकर आज प्रश्नकाल के दौरान विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। इस पर पीएचई मंत्री रूद्र कुमार गुरू संतोषजनक जबाब नहीं ले सके और असंतुष्ट विपक्ष ने सदन से बहिर्गमन किया ।

भारतीय जनता पार्टी के विधायक रजनीश सिंह ने प्रश्नकाल के दौरान पूछा कि बिलासपुर संभाग में जल जीवन मिशन के अंतर्गत किन-किन फर्मों को किस-किस दर पर क्या काम दिए गए? पीएचई मंत्री ने इस संबंध में जानकारी दी जिससे विपक्ष के सदस्य संतुष्ट नहीं हुए। विपक्षी सदस्यों ने जल जीवन मिशन का काम अधूरा रहने को लेकर नाराजगी जताई। मंत्री ने अपने जवाब में बताया कि जहां गड़बड़ी पाई गई वहां संबंधित अधिकारी को सस्पेंड किया गया है। सत्तापक्ष के सदस्यों ने भी दिया जवाब। पक्ष और विपक्ष के बीच सदन में जोरदार हंगामा हुआ। आखिरकार मंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष के सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन किया।

# नागालैंड, त्रिपुरा में बीजेपी की वापसी तय, मेघालय में उलझी तस्वीर

**नई दिल्ली,2 मार्च।** पूर्वोत्तर के तीन राज्यों में विधानसभा चुनाव के लिए मतगणना सुबह आठ बजे शुरू हुई। जहां बीजेपी मेघालय और नागालैंड में अपने पैर जमाने की कोशिश कर रही है, जहां क्षेत्रीय दल बड़े खिलाड़ी बने हुए हैं। वहीं वाम दलों और कांग्रेस और प्रद्योत देबबर्मा के नेतृत्व वाली टिपरा मोथा की संयुक्त ताकतों के खिलाफ तीन-तरफ़ा मुकाबले में त्रिपुरा को बनाए रखने की उम्मीद नजर आई। 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले विपक्षी एकता के आह्वान के बावजूद भाजपा की स्थिति बेहतर नजर आ रही है। अभी के रूझानों के अनुसार वाम दलों और कांग्रेस की संयुक्त ताकतों के खिलाफ त्रिपुरा में सत्ता बरकरार रखने की उम्मीद कर रही है। टीआईपीआरए मोथा के उदय ने भगवा पार्टी के लिए एक और चुनौती पेश की है क्योंकि आदिवासी आबादी के एक बड़े वर्ग के बीच इसके संस्थापक प्रद्योत देबबर्मा के बोलबाला ने पारंपरिक गणनाओं को को कुछ हद तक प्रभावित किया।

नगालैंड में बीजेपी-एनडीपीपी गठबंधन की सत्ता में वापसी होती दिख रही है। गठबंधन 32 सीटों पर आगे हैं। वहीं दो सीटों पर जीत हासित कर चुकी है। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, बीजेपी त्रिपुरा में दोबारा सत्ता में लौटती नजर आ रही है। पार्टी बहुमत के लिए जरूरी 31 सीटों पर आगे नजर आ रही है। जबकि सीपीआई (एम) 11 और टिपरा मोथा पार्टी 11 सीटों पर आगे चल रही है। मेघालय के चुनावी रुझानों में निर्दलीय उम्मीदवारों ने सभी पार्टियों का खेल बिगाड़ दिया है। यहां 18 सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवार आगे हैं, जिसके चलते किसी भी पार्टी को बहुमत मिलता नहीं दिख रहा है।

### भगौड़े अपराधियों से 8 साल में वसूला 180 बिलियन डॉलर काला धन

**नई दिल्ली,2 मार्च।** केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने दावा किया कि प्रवर्तन निदेशालय ने पिछले पांच वर्षों में विशेष रूप से नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा 2018 में आर्थिक अपराधी अधिनियम पारित करने के बाद आर्थिक अपराधियों और भगोड़ों से अनुमानित 180 बिलियन डॉलर की वसूली की है। भ्रष्टाचार के खिलाफ जी20 देशों के वर्किंग ग्रुप की बैठक में केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि भ्रष्ट लोग अपराध से अर्जित आय को ठिकाने लगाने का तरीका ढूंढते हैं और यह ऐसी रकम है, जिसका इस्तेमाल गलत कामों में होता है। यह आतंकवादियों की फंडिंग का प्रमुख स्रोत है। युवाओं का जीवन बर्बाद करने वाले ड्रग्स से लेकर मानव तस्करी तक लोकतंत्र को कमजोर करने वाली गतिविधियों से लेकर अवैध हथियारों की बिक्री तक ये काली कमाई कई विनाशकारी कृत्यों की फंडिंग करती है।

# कर्मचारियों के नियमितिकरण की कार्रवाई नियमानुसार जारी : सीएम

**प्रमुख सचिव वाणिज्य, उद्योग की अध्यक्षता में समिति गठित**

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 2 मार्च।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बताया कि शासन स्तर पर अनियमित, दैनिक वेतनभोगी एवं संविदा कर्मचारियों का नियमितिकरण किए जाने हेतु विधिवत कार्रवाई की जा रही है। इसकी समय सीमा बताया जाना संभव नहीं है।विधानसभा में आज सत्तारूढ़ दल के सदस्य प्रीतम राय द्वारा प्रदेश के विभिन्न शासकीय विभागों में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमित करने के संबंध में पूछे गए लिखित प्रश्न के जवाब में मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार द्वारा एक समिति गठित की गई है जिसके अध्यक्ष प्रमुख सचिव उद्योग एवं वाणिज्य हैं। इसके अलावा प्रमुख सचिव विधि-विधायी, सचिव सामान्य प्रशासन, सचिव वित्त विभाग, सचिव पंचायत, सचिव आदिम जाति विभाग को रखा गया है। यह समिति 9/1/2020 को अपनी पहली बैठक में निर्णय अनुसार समस्त विभाग के अनियमित, दैनिक वेतनभोगी व संविदा पर कार्यरत कर्मचारियों की जानकारी मांगी गई। 38 विभागों की जानकारी प्राप्त हुई है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन एवं विधि विभाग से अभिमत मांगा गया है। विभाग द्वारा महाधिवक्ता का अभिमत प्राप्त होने पर सामान्य प्रशासन विभाग को प्रेषित किया जाएगा जो कि अपेक्षित है। इस समिति की दूसरी बैठक 16/08/22 को हुई थी जिसमें यह निर्णय लिया गया कि यह भर्ती खुले विज्ञापन अथवा भर्ती माध्यम से की जाए। कार्यरत कर्मचारियों को जिस पद पर कार्यरत हैं वह पद संरचना भर्ती नियम में स्वीकृत हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस नियुक्ति में आरक्षण नियमों का पालन किया जाएगा। अनियमित, दैनिक वेतनभोगी व संविदा में कार्यरत व्यक्ति जिस पद पर कार्यरत हैं उन्हें वर्तमान में मानदेय भुगतान किया जा रहा है। तथा कुल नियमित पदों का वेतनमान क्या यह जानकारी मंगाई गई है। सरकार द्वारा शासन स्तर पर दैनिक वेतन भोगी, संविदा कर्मचारियों के नियमितिकरण की कार्रवाई नियमानुसार की जा रही है।

# चोरी की जांच करने गए दरोगा का पिस्टल कारतूस,वर्दी सब उठा ले गए चोर

बिलासपुर,2 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़

चोरी की जांच कर लौट रहे पुलिस वालों का पिस्टल, वर्दी, कारतूस सब पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। दरअसल थाने के दरोगा और उनके सिपाहियों को थोड़ी झपकी आई और इतने में उनका बैग पर हो गया जिसमें उनका पूरा सामान था। अब पुलिसवालों ने इस आशाय की रिपोर्ट लिखवाई है। मामला बिलासपुर जीआरपी थाने का है। बताया जाता है किओडिशा के बलांगीर निवासी शुरूबाबू जिला संबलपुर स्थित थाना सासन में टीआई के पद पर पदस्थ है। उनके थाना क्षेत्र में चोरी की एक घटना हुई थी जिसकी उनके साथ करने वे उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खेरी गए हुए थे उनके साथ दो अन्य आरक्षक दिलेश्वर प्रधान व मिनकेतन घरुवा भी साथ में थे। जांच के बाद वे सारनाथ एक्सप्रेस से वापस जा रहे थे कि अनूपपुर शहडोल के बीच उनका बैग पार हो गया। अपने साथ में जो उन्होंने ट्राली बैग रखा था उसके अंदर उनकी वर्दी, टोपी, जूता के अलावा एक 9 एमएम पिस्टल (10 राउंड भरा हुआ) व एक अलग से डिब्बे में 14 जिंदा कारतूस जिसकी अनुमानित कीमत 20 हजार है, वह भी रखा हुआ था। उन्होंने ट्राली बैग को बर्थ नंबर 68 के नीचे चेन से बांधकर ताला भी जड़ दिया था लेकिन उसे चोरों ने पार कर दिया। बिलासपुर रेलवे स्टेशन पहुंचकर टीआई ने जीआरपी थाने में घटना की लिखित रिपोर्ट लिखाई। घटना दूसरी जगह के होने के कारण जीआरपी ने शून्य में मामला दर्ज कर केस डायरी संबंधित जीआरपी थाने को भेजेगी।

# तेंदुए की खाल के साथ 2 तस्कर बंदी

कांकेर,2 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़

पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 20 लाख रुपये के दो नग तेंदुए के खाल के साथ 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. दोनों आरोपी तेंदुए के खाल को बेचने ग्राहक की तलाश कर रहे थे. इस दौरान पुलिस ने धरदबोचा है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस गश्त पर थी. इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि, सरंगपाल के पास दो लोग तेंदुए की खाल बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे हैं. सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को पकड़ा. दोनों ही आरोपी रैतुराम कोर्राम और तीजुराम कश्यप कोंडागांव जिले के मरदापाल थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं. दोनों आरोपी तेंदुए की खाल अपने पास रखे हुए थे. पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि, मरदापाल के जैतु बघेल और पुलराम कोर्राम ने उन्हें यह खाल कांकेर में जाकर बेचने कहा था. बेचने पर उन्हें 30-30 हजार रुपये देने की बात कही गई थी. फिलहाल पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. वहीं जब्त किए गए तेंदुए के खाल की कीमत 20 लाख रुपये आंकी जा रही है.



# शिवरतन पर रिवॉल्वर तानी थी कांग्रेस के राधेश्याम ने

- सदन में विधायकों के रोचक किस्से
- दिवंगत सदस्यों को सदन की श्रद्धांजलि

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,2 मार्च।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज बजट सत्र की कार्यवाही से पहले दो दिवंगत विधायकों को श्रद्धांजलि दी गई । राजिम से भाजपा के विधायक पुनीत राम साहू और भाटापारा इलाके से कांग्रेस के विधायक रहे राधेश्याम शर्मा को श्रद्धांजलि दी गई । दोनों ही अविभाजित मध्यप्रदेश के वक्त विधायक रहे । बीते 16 जनवरी को पुनीत राम साहू का 81 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था। कांग्रेस के पूर्व विधायक राधेश्याम शर्मा का 23 जनवरी को निधन हो गया था। इन दोनों सियासी हस्तियों को श्रद्धांजलि देते हुए विधायकों ने रोचक किस्से साझा किए।

पुनीत राम साहू को लेकर नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि उन्होंने जिंदगी भर चप्पल नहीं पहनी। काफी बुजुर्ग हो जाने के बाद हाल के दिनों में उन्होंने चप्पल पहनना शुरू किया था वरना विधायक रहते हुए वह नंगे पांव अपने सारे काम किया करते थे। विधायक शिवरतन शर्मा ने बताया कि 2 साल पहले जब बृजमोहन अग्रवाल और मैं गरियाबंद इलाके में गए थे तो विशेष रूप से मिलने के लिए पुनीत राम साहू जी को बुलवाया।

तब वह 78 साल के थे और पता चला कि वह खेत में काम कर रहे हैं। यानी उस वक्त भी उनकी सक्रियता कम नहीं हुई थी वह मजाक में कहा करते थे कि मेरे जीते जी हमारे क्षेत्र में कभी कांग्रेस नहीं जीतेगी और यही हुआ उनके गांव को आज भी भाजपा का गढ़ माना जाता है। पुनीत राम साहू राजिम क्षेत्र से विधायक रहे इससे क्षेत्र में उस जमाने में श्यामाचरण शुक्ल का दबदबा हुआ करता था जो खुद मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री थे । सीएम के क्षेत्र से विधायक का चुनाव जीतना एक बड़ी बात हुआ करती थी यह उनकी सरलता की वजह से ही संभव हो पाया।

कांग्रेस से भाटापारा के विधायक राधेश्याम शर्मा को लेकर विधायक शिवरतन शर्मा ने दिलचस्प किस्सा बताया। उन्होंने कहा कि 2 बार हम चुनावों में आमने-सामने हुए । एक बार मुझे जीत मिली तो दूसरी बार हार । सहकारिता के आंदोलनों में भी हम टकराए। राधेश्याम शर्मा बेबाक थे, इतने की अपनी ही पार्टी के खिलाफ कुछ बोलना हो तो नहीं चूकते थे । एक बार दिग्विजय सिंह मुख्यमंत्री थे तो उन्होंने अपनी ही पार्टी के खिलाफ कह दिया कि यह सरकार अली बाबा और 40 चोर की सरकार है ।

शिवरतन शर्मा ने बताया कि राधेश्याम शर्मा दबंग व्यक्ति थे। एक बार मेरे और उनके बीच विवाद इस कदर बढ़ गया कि उन्होंने चुनाव से पहले रिवॉल्वर निकाल ली, वह पोलिंग का दिन था । मगर चुनाव खत्म होते ही मुझे साथ चाय पीने बैठा लिया । इसके बाद भी मारपीट के हालात बने हमारे बीच। मगर वह अक्सर चुनाव खत्म होने के बाद पहल करते हुए बातचीत कर विवाद को खत्म कर दिया करते थे, ऐसा व्यक्तित्व हो पाना मुश्किल है। सदन मे सीएम भूपेश ने भी दोनों विधायकों को श्रद्धांजलि दी, और उनके कामों को याद किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि पुनीत राम साहू सहज और सरल व्यक्ति थे जिसकी वजह से जनता उन्हें पसंद करती थी । विधायक राधेश्याम शर्मा जन संघर्षों के नेता थे लोगों के अधिकारों के लिए उन्होंने अपना जीवन समर्पित किया, ऐसे विभूतियों के निधन पर मैं उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। स्पीकर महंत ने भी दोनों विधायकों को श्रद्धांजलि देते हुए परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की।सभा में इन दोनों ही सदस्यों को श्रद्धांजलि दिए जाने के बाद प्रश्नकाल की कार्यवाही आगे बढ़ी ।

**क्रिकेट : महिला इंडिया प्रीमियर लीग : 2023 प्रथम संस्करण की शुरुआत 4 मार्च से**

# स्पर्धा से बढ़ी कैरियर निर्माण की संभावना

जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

हमारे देश में इन दिनों खेलों में नई संस्कृति ने जन्म लिया है। अब देशी-विदेशी खिलाड़ियों को नीलामी के माध्यम से चुनकर एक टीम बनाते हुए स्पर्धा होती है। इस दिशा में क्रिकेट सबसे तेजी से आगे बढ़ रहा है। 2008 में पुरुष वर्ग की 20-20 ओवर की क्रिकेट चैंपियनशिप आरंभ हुई। यह अनवरत जारी है। अब उसकी लोकप्रियता को देखते हुए भारत में 2023 से पहली बार महिला खिलाड़ियों से बनी टीम का मुकाबला होगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बी.सी.सी.आइ)द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट को टाटा डब्ल्यू.आई.पी.एल या वुमेंस आई.पी.एल.2023 या डब्ल्यू आईपीएल टवेंटी-20 नाम दिया गया है। यह प्रतियोगिता 4 मार्च 2023 से 26 मार्च 2023 के मध्य मुंबई के ब्रबोर्न स्टेडियम,डॉ.वी.वाय.पाटिल स्टेडियम में खेली जायेगी। इसमें मुकाबले डबल लीग आधार पर होगी। जिसमें 44 मैच होंगे। कुल 5 टीमों के बीच आपस में मुकाबले होंगे। 2023 के पहले संस्करण में गुजरात जिएंट्स, रायल चैलेंजर बेंगलुरु,देलही कैपीटल, यूपी वारियर्स और मुंबई इंडीयंस की टीम के बीच मुकाबले होंगे। क्रिकेट खेल की लोकप्रियता उससे जुड़े इलेक्ट्रानिक, प्रिंट मीडिया, सोशल मीडिया आदि के मीडिया पत्रकारों, कर्मियों को जाता है।रंगीन टेलीविजन और अब तो मोबाइल के माध्यम से मैच का सीधा प्रसारण होता है।





महिला क्रिकेट की चमक को बढ़ाने में भारत की क्रिकेटरों का योगदान बहुत ही महत्वपूर्ण है। एक जमाने में तीन या चार दिवसीय मैच के लिए भारत की महान महिला क्रिकेटर में शांतारंगा स्वामी,डायना एडुलजी, शुभांगी कुलकर्णी,संध्या अग्रवाल,अंजूम चोपड़ा, झूलन देवी गोस्वामी का नाम प्रमुख तौर पर लिया जाता है। आज के एक दिवसीय तथा टी-20 मुकाबले के लिए भारत की मिताली राज, स्मृति मंधाना, हरमनजीत कौर, दीप्ति शर्मा, जेमीमा रोड्रिक्स, शेफाली वर्मा,पूनम यादव आदि प्रमुख है। प्रत्येक टीम में 18 खिलाड़ियों को शामिल करने की बाध्यता है। जिसमें पांच खिलाड़ी विदेशी हो सकती हैं। इस बार गुजरात जिएंट्स में आस्ट्रेलिया क्रिकेटर बेंथ मूनी जार्जिया वारेहम, रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु में एलीस पेरी, दक्षिण अफ्रीका की मेरीजाने कैप, आस्ट्रेलिया मेग लेनिंग, इंग्लिश क्रिकेटर नातालिया सीवेर,मुंबई इंडियंस की टीम में जबकि यूपी वारिओर्ज में सोफई इक्लेसटन शामिल हैं। इस बार महिला टीमों के बीच जोरदार टक्कर देखने को मिलेगी। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आई.सी.सी.) द्वारा क्रिकेट को बढ़ावा देने की दिशा में भारत में महिला क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन मील का पत्थर साबित होगा। ऐसे आयोजन के द्वारा हमारे देश की युवा महिला पीढ़ी में इस खेल के प्रति लगाव बढ़ेगा।

क्रिकेट में कैरियर बनाने के लिए महिलाओं,लड़कियों को संभावनाओं का नया द्वार खुलेगा।क्रिकेट के खेल में एक टीम को तैयार करने के लिए कोच,फिजियोथेरेपिस्ट, मेडिकल स्पोर्ट्स डाक्टर, डायटिशिन,मसाजर आदि की आवश्यकता होती है। इस क्षेत्र में भारत की युवा क्रिकेट प्रेमियों को कैरियर बनाने का मौका मिलेगा। छत्तीसगढ़ के लिए गर्व की बात है कि यहां की आकांक्षा सत्यवंशी भारत की अंडर 19, व सीनियर महिला वर्ग टीम की फिजियोथेरेपिस्ट हैं। इसके अलावा महिला खिलाड़ी क्रिकेट खेलेंगी तो आगे चलकर खेल संचालन के लिए अंपायर, वीडियो अंपायर, आंकड़ेबाज,स्कोरर, पिचनिर्माण करने वाले आदि की आवश्यकता होगी। इस क्षेत्र में आज की परिस्थिति में महिला अपना योगदान इस खेल में करके आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकेंगी। अतः हम 2023 के महिला आई.पी.एल. के आयोजन के कारण भारत की महिलाओं के उज्जवल भविष्य की आशा रखते हैं।

## एक नजर

### महापौर एवं आयुक्त ने दौरा कर सुनीं समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश



**भिलाई, 2 मार्च।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत निगम तुहर द्वार के तहत महापौर नीरज पाल ने खमरिया वार्ड का दौरा किया। वार्ड 1 से इसकी शुरुआत हुई है। महापौर नीरज पाल ने निगम आयुक्त रोहित व्यास तथा अधिकारियों के साथ खमरिया के मोहल्ले तथा अंदरूनी क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आमजन से मुलाकात की। वार्ड के निरीक्षण के दौरान कई समस्याएं परिलक्षित हुई जिसके निराकरण के लिए मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश दिए गए। महापौर ने महात्मा गांधी सरोवर, शीतला तालाब परिसर व अलाबंद तालाब तथा स्वामी आत्मानंद स्कूल का भी जायजा लिया। महापौर ने चौपाल लगाकर लोगों की समस्याएं मुखरता से सुनी तथा कई त्वरित समाधान योग्य समस्याओं का मौके पर निराकरण किया गया। समस्या लेकर एक ऐसी महिला शांता यादव पहुंची जिसका कुछ महीने से पेंशन नहीं मिल रहा था, महापौर के निर्देश पर जब इसका परीक्षण करवाया गया तो पता चला कि इनका पेंशन लगातार उनके बैंक के खाते में जा रहा है, महापौर ने वाहन की व्यवस्था कर तथा कर्मचारी को साथ भेजकर महिला को पेंशन दिलवाया। इस दौरान सभापति गिरवर बंटी साहू, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, वार्ड पार्षद योगेश साहू तथा छाया पार्षद महेंद्र साहू, जोन आयुक्त राजेंद्र नायक, कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा, सहायक अभियंता आलोक पसीने, महापौर के निज सचिव वसीम खान तथा उप अभियंता अर्पित बंजारे आदि मौजूद रहे।

### राजीव युवा मितान क्लब के सदस्य कर रहे है तालाबों की सफाई



**भिलाई, 2 मार्च।** राजीव युवा मितान क्लब ने तालाब सफाई का अभियान चलाया और श्रमदान कर तालाब की सफाई की। आज खमरिया के आला बंद तालाब में राजीव युवा मितान क्लब ने तालाब परिसर की साफ-सफाई की। अन्य तालाबों में भी इसी प्रकार से सफाई अभियान चलाकर तालाबों को स्वच्छ रखने का प्रयास किया जाएगा। राजीव युवा मितान क्लब ने आसपास के तथा वार्ड वासियों से तालाब को स्वच्छ रखने के लिए तथा तालाब में कचरा नहीं डालने की गुजारिश भी की। राजीव युवा मितान क्लब के द्वारा खेल गतिविधि, सामाजिक गतिविधि तथा सांस्कृतिक गतिविधियों के तहत कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही सेवाभावी कार्य भी कर रहे हैं। महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने दिशा-निर्देश के अनुरूप कार्य करने के निर्देश राजीव युवा मितान क्लब को दिए हैं। इसी के तहत वार्ड क्षेत्रों में अलग-अलग हितकारी गतिविधियां भी अपनाई जा रही है।

### चंदूलाल चंद्राकर मेमोरियल मेडिकल के लिए सिटी बस सेवा प्रारंभ



**भिलाई, 2 मार्च।** चंदूलाल चंद्राकर मेमोरियल मेडिकल अस्पताल तक आने-जाने के लिए सिटी बस की सेवाएं प्रारंभ हो गई है। सीसीएम के लिए सिटी बस का परिचालन चालू कर दिया गया है। इसके बाद से अब सीसीएम कचांदुर तक जाने के लिए लोगों को आवागमन की अच्छी सुविधा मिल पाएगी। उल्लेखनीय है कि लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सिटी बस सेवा प्रारंभ की गई है, कई रूट पर सिटी बस सेवा सड़कों पर दौड़ने लगी है तथा लोग इन बसों के माध्यम से अपने गंतव्य की ओर रवाना हो रहे हैं और सिटी बस की सुविधा का लाभ ले रहे हैं।

# श्रीरामचरित मानस नवान्ह परायण महायज्ञ में शामिल हुए जिला अध्यक्ष नीलू चंद्रवंशी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 2 मार्च।** विधानसभा के ग्राम कोलेगांव में समस्त ग्रामवासी द्वारा आयोजित श्री रामचरित मानस नवान्ह परायण महायज्ञ में दर्शन लाभ लेने जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री नींलु चंद्रवंशी पहुंचे ।

आयोजक ग्रामवासी द्वारा जिला अध्यक्ष नीलू चंद्रवंशी का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया।जिला कांग्रेस अध्यक्ष नींल चंद्रवंशी द्वारा यज्ञ भगवान की परिक्रमा लगाकर प्रभु श्रीराम की पूजा अर्चना कर पूरे क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। तत्पश्चात मानस मंच से कथा के सातवे दिवस प्रवचन कर्ता पूज्या दीदी शिरोमणि शास्त्री का श्रीफल और पुष्प गुच्छ से स्वागत कर व्यास पीठ से आशीर्वाद प्राप्त किया। एवम दीदी शिरोमणि शास्त्री जी के श्रीमुख से श्री मर्यादा पुरुषोत्तम रामचंद्र की अमृतमयि कथा का श्रवणपान किया। जिला अध्यक्ष श्री नीलू चंद्रवंशी ने अपने उद्बोधन में कहा कि



प्रभु श्रीरामजी का नाम उदार है, जो अत्यन्त पवित्र है, वेद-पुराणों का सार है, मंगल (कल्याण) करने वाला और अमंगल को हरने वाला है, जिसे पार्वती जी सहित भगवान शिवजी सदा जपा करते हैं। आप लोग भी भगवान श्री राम जी के चरित्र का संगीतमय कथा 9दिवस का सम्पन्न कर रहे निश्चित रूप से आपके गांव मे शुख, शांति और समृद्धि प्राप्त होगी, गांव के साथ साथ पूरे क्षेत्र में सुखमय और शुद्धता का वातावरण बनेगा इसका लाभ समस्त ग्रामवासी सहित पूरे क्षेत्र वासी को होगा। इस आयोजन में मुझे भी आकर यज्ञ दर्शन कर कथा श्रवण करने का सौभाग्य मिला और श्री राम जी की कृपा से एक जगह एक स्थान में सबका दर्शन करने का मौका आप लोगो के सौजन्य से मिला इससे मेरा जीवन धन्य हो गया।श्री रामचरित मानस नवान्ह परायण महायज्ञ कार्यक्रम में दर्शन कर कथा श्रवण करने जिला अध्यक्ष नीलू चंद्रवंशी के साथ , ब्लॉक अध्यक्ष उत्तरा दिवाकर जी,पवन शर्मा जी,नकुल चौहान जी, गुरुनंद गोस्वामी जी, टीकम शर्मा,गोपाल चंद्रवंशी,दिनेश पांडेय, प्रशांत शर्मा,राजेश चंद्रवंशी,लाला चंद्रवंशी ,सुशैन चंद्रवंशी,लखन सिंघरौल,सुभम साहू,ध्रुव सिंह,मंगल रजक सहित समिति के सभी सदस्य गण , आसपास के ग्रामवासी एवम समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## सेल,बीएसपी ने यूटिलिटीज के मुख्य महाप्रबंधक सोरते को दी विदाई



**भिलाई, 2 मार्च।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता और भिलाई इस्पात संयंत्र के वरिष्ठ प्रबंधन ने इस्पात भवन के निदेशक प्रभारी के कक्ष में संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी जी ए सोरते को भावभीनी विदाई दी। एमटीटी के रूप में प्रशिक्षण के बाद सोरते को जुलाई 1990 में ऑक्सीजन प्लांट-1 में जूनियर मैनेजर के रूप में नियुक्त किया गया, जहाँ वे 2002 में पदोन्नत होकर ऑक्सीजन प्लांट-1 के सीनियर मैनेजर बने। विदाई समारोह में उपस्थित संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता और वरिष्ठ अधिकारियों ने सोरते के परिवार के सदस्यों को उनके सेवानिवृत्ति के बाद के जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। सोरते ने अपनी पूरी सेवा अवधि के दौरान मिले सभी सहयोग के लिए सेल-बीएसपी के प्रबंधन को धन्यवाद दिया और अपने अनुभव साझा किए।

### रूआबांधा क्षेत्र में 5 दिनों तक नहीं खुलेगा नल

**रिसाली।** नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्र के वार्ड क्र. 2 रूआबांधा उत्तर, वार्ड 3 रूआबांधा दक्षिण एवं वार्ड क्र. 4 रूआबांधा पूर्व में जल आपूर्ति नल की जगह टैंकर से की जाएगी। जलकार्य प्रभारी उप अभियंता गोपाल सिन्हा ने बताया कि रूआबांधा स्थित उच्च स्तरीय ओवरहेड टैंक के 400 एमएच डीआई मेन राइजिंग लिफ्ट पाईप से लगातार पानी रिसाव हो रहा है। मरम्मत कार्य के लिए 1 से 5 मार्च तक शटडाउन लिया गया है। उक्त अवधि में प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति टैंकर के माध्यम से की जाएगी।

## अवकाश के दिन भी होगा टैक्स जमा, 21 बकायेदारों को अंतिम नोटिस

**रिसाली।** टैक्स जमा करने में लापरवाही बरतने वालों पर नगर पालिक निगम रिसाली ने सख्ती बरतना शुरू कर दिया है। आयुक्त आशीष देवांगन के निर्देश पर 21 बकायेदारों को अंतिम नोटिस जारी किया है। बकायादारों से 63 लाख 86 हजार 742 रूपए वसूली करनी है। जारी हुई पहली सूची में 21 बकायेदारों का नाम है, जो लगभग 23 वर्ष से बार-बार नोटिस जारी करने के बाद भी टैक्स जमा करने में रूचि नहीं दिखा रहे है। प्रभारी राजस्व अधिकारी संजय वर्मा ने बताया कि बकायेदारों को विधिवत अंतिम नोटिस जारी कर निर्धारित अवधि में टैक्स की राशि जमा करने की हिदायत दी गई है। इसके बाद निगम विधिवत कुर्की कार्यवाही करेगा। नागरिक चालू वित्तीय वर्ष की राशि टंकी कार्यालय श्याम नगर, 35 नंबर स्कूल भवन कार्यालय या फिर ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। प्रभारी राजस्व अधिकारी ने बताया कि रिसाली निगम क्षेत्र के नागरिक शासकीय अवकाश के दिन भी टैक्स राशि जमा कर सकते है। अवकाश के दिन में निगम के





अधिकारी टैक्स वसूली करने कार्यालय में उपस्थित रहेंगे। रिसाली निगम ऐसे बकायेदारों को धारा 174 के तहत नोटिस जारी कर रही है जो लंबे समय से राजस्व जमा नहीं कर रहे है। नोटिस जारी करने के साथ ही निगम बकायेदारों की सूची को सार्वजनिक कर रही है। पहली सूची को सार्वजनिक करने के बाद दूसरी सूची तैयार की जा रही है। मैत्रीकुंज रिसाली के मोतीराम बघेल से 14701 रुपए वसूली किया जाना है। इसी तरह मैत्रीनगर रिसाली के अखिलेश यादव से 122212, टंकी मरोदा के मांगरू विश्वकर्मा से 339941, राममूर्ती यादव से 190723, मौहारी भाठा के बिरेन्द्र कुमार यादव अशोक यादव से 437108, रामप्रकाश यादव से 193761, लक्ष्मीनगर के लक्ष्मन पटेल, भीखू मुकेश, दिनेश व मेहूल से 202619, आजाद मार्केट रिसाली के सुरेन्द्र कुमार से 82586, लक्ष्मी नगर के रचना जैन से 345601, मैत्रीनगर के हीरालाल यादव से 559446, अवधपुरी के बालकृष्ण से 152146, सेंट थॉमस सीनियर स्कूल से 1676210, प्रगतिनगर के नवीन जैन से 294479, इस्पात नगर के जगन्नाथ यादव से 357925, प्रगति नगर के अणुल रशीद से 287891, आजाद मार्केट के विनोद कुमार वर्मा से 144814, लाल बाहदुर पाण्डेय से 133698, अवधपुरी के विपिन जैन से 133698, शक्ति विहार के कामेश्वर सिंह से 117871, मैत्रीनगर के अर्जुन यादव से 98981 व ढालूराम यादव से 310717 रुपए वसूली करना शेष है।

### ग्राम नगपुरा में पुलिस चौकी का हुआ शुभारंभ

## मेरा उद्देश्य गांव के अंतिम व्यक्ति तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना और समस्याएं हल करना: ताम्रध्वज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 2 मार्च।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के अंतर्गत ग्राम नगपुरा में नवीन पुलिस चौकी का शुभांरभ प्रदेश के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने इसका विधिवत उद्घाटन कर किया । इस चौकी के अंतर्गत ग्राम नगपुरा , भेड़सर, दमोदा, खुर्शीडीह,खुरसुल एवं बोरई के ग्रामीण क्षेत्र आते है सुरक्षा की दृष्टि से क्षेत्र के ग्रामवासीयो की विगत कई वर्षो से पुलिस चौकी की मांग थी। क्षेत्रवासियों की मांग को गृहमन्त्री ने गम्भीरता से लिया और लंबित मांग को मूर्त रूप देते हुए नगपुरा को पुलिस चौकी का दर्जा दिया ।

जनसंख्या के साथ ही चौकी के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र का विस्तार हो रहा है। जनता व जनप्रतिनिधियों की लगातार मांग आज पूर्ण हुई अब इस क्षेत्र के लोगो को इस चौकी का लाभ



मिलेगा अब नही जाना पड़ेगा दुर्ग थाना।

इस अवसर पर गृहमन्त्री ने नगपुरा में नवीन चौकी पहुंचकर उद्घाटन किया कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के साथ एस. पी. अभिषेक पल्लव व पुलिस महकमे के आला अधिकारी व क्षेत्र के लोग मौजूद रहे। नियम अनुसार गृहमंत्री को थाना परिसर में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया । ग्रामीणों को भी उम्मीद है कि चौकी के खुलने से अवैध शराब सहित कई आपराधिक गतिविधियों में कमी आयेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहि शालनी यादव ग्राम नगपुरा में नवीन पुलिस चौकी खुलवाने पर मंत्री का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने क्षेत्र के लोगो बधाई देते हुऐ कहा की मेरा उद्देश्य गांव के अंतिम व्यक्ति तक के लोगों को मूलभूत सुविधा और समस्या को दूर करना,आगे कहा की दुर्गग्रामीण विधानसभा में लगातार विकास कार्य किया जा रहा है और आगे भी निरंतर होता रहेगा।

इस कार्यक्रम के मुख्यअतिथि प्रदेश के गृहमंत्री क्षेत्रीय विधायक ताम्रध्वज साहू थे अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष शालनी रिवेन्द्र यादव,विशेष अतिथि अध्यक्ष केशशिल्प कल्याण बोर्ड नंदकुमार सेन, अध्यक्ष माटी कला बोर्ड बालम चक्रधारी, अध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग देवेंद्र देशमुख,सभापति जिला पंचायत योगिता चंद्राकार, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत झमित गायकवाड़,जनपद सदस्य सरस्वती सेन,जनपद सदस्य भाना बाई ठाकुर, सरपंच नगपुरा भूपेंद्र रिगरी,सरपंच बोरई पदमा बाई साहू ,सरपंच पोटिया उत्तम साहू,सागर देशमुख, इतवारी निषाद,कृष्णा देवांगन, राजेंद्र रजक, अजीत यादव,लाल जी गुप्ता, कैलाश सिन्हा, ताम्रध्वज सिन्हा,धनराज धनकर,सुरेश निर्मलकर, पुरुषोत्तम मंडाले, नंदकुमार देशमुख,मन्नू देशमुख, प्यारे साहू,सुरेश सिन्हा, नागेश्वर चौहन सहित ग्रामवासी मौजूद रहेंगे।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला सुरक्षा पोषण जागरूकता पर कार्यशाला आयोजित



**कवर्धा, 2 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज परिसर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आज महिला सुरक्षा एवं पोषण जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया था जिसमें महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया ने कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया इस दौरान पंडरिया लोकप्रिय विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर सांसदीय सचिव श्रीमती रश्मि सिंह ,बालोद विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा, धरसीवा विधायक श्रीमती अनीता योगेंद्र शर्मा, राज्य छत्तीसगढ़ महिला आयोग के अध्यक्ष डॉ किरणमयी नायक, कार्यक्रम में कराटे एक्सपर्ट हर्षा साहू ने महिलाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए ।

### राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने शुरू किया बाल अधिकार चैंपियन परीक्षा प्रतियोगिता स्कूली स्तर के बच्चों के लिए

**उतई, 2 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग और छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग माननीय अध्यक्ष जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार जायसवाल माननीय सचिव आशीष डेहरिया के मार्गदर्शन से माननीय व्यवहार न्यायाधीश विजेंद्र सोनवानी व्यवहार न्यायालय पाटन के आदेश से बाल अधिकार चैंपियेन प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय हाई स्कूल महाका कला विकासखंड पाटन जिला दुर्ग में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य रुप से पीएलवी ज्ञानेश्वर ठाकुर हाई स्कूल के प्राचार्य श्री जी एस साहू नागेश्वर रितु देवी शमीम अख्तर सेलू वर्मा सभी शिक्षक गण द्वारा प्रतियोगिता को संपन्न कराने में सहयोग रहा ।

## 25 स्थानों से हटाए गए अवैध कब्जे होर्डिंग व पोस्टर की बनाई गई जब्ती



**भिलाई, 2 मार्च।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत आज बड़ी कार्रवाई करते हुए वैशाली नगर में 25 अवैध कब्जे को हटाया गया। इसके साथ ही यातायात को बाधित करने वाले होर्डिंग और पोस्टर की जब्ती भी बनाई गई। भिलाई निगम क्षेत्र में इसके लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इंदिरा चौक रामनगर में सड़क, नाली को प्रभावित करने वाले अतिरिक्त निर्माण तथा कब्जे को हटाने की कार्रवाई भिलाई निगम ने की है। सामानों को बढ़ाकर अतिरिक्त रूप से व्यवसाय करने वाले लोगों को समझाइश देते हुए उनके सामग्रियों को भीतर करवाया गया। ऐसे प्रचारक सामग्री जो बाधा बन रहे थे उन्हें भी हटाया गया। अतिरिक्त रूप से लगाए गए शेड को भी तोड़ने की कार्यवाही निगम ने की है। अवैध अतिक्रमण एवं अवैध कब्जा पर कार्रवाई करने के लिए जेसीबी की मदद ली गई। गौरतलब है कि अवैध निर्माण, अवैध प्लाटिंग तथा अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई करने के निर्देश निगमायुक्त रोहित व्यास ने अधिकारियों को दिए है। इसी तारतम्य में भिलाई निगम क्षेत्र में इसको लेकर कार्रवाई की जा रही है।

### बीएसपी कर्मियों ने समृद्धि प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का ग्रैंड फिनाले जीता



**भिलाई, 2 मार्च।** भिलाई इस्पात संयंत्र ने क्विजिंग के क्षेत्र में उपलब्धियों की अपनी श्रृंखला में एक और नया आयाम कायम करते हुए संयंत्र की दो युवा महिला अधिकारी, सहायक प्रबंधक (कार्मिक) द्वय सुश्री शालिनी चौरसिया और सुश्री सुष्मिता पाटला ने एमटीआई, रांची में आयोजित सेल स्तरीय 'समृद्धि' प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का ग्रैंड फिनाले जीता। इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के प्रारंभिक व स्क्रीनिंग राउंड क्रमशः विभिन्न संयंत्रों/इकाइयों में आयोजित किए गए थे। 'समृद्धि' प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली सेल स्तरीय तीन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं में से एक है। उल्लेखनीय है कि 'समृद्धि' विशेष रूप से महिला कर्मचारियों के लिए है तथा 'सक्षम' कार्यपालक अधिकारियों के लिए और 'समर्थ' गैर-कार्यपालकों के लिए है।

### ब्राह्मण मित्र मंडल का सामूहिक निःशुल्क उपनयन संस्कार 3 को



**भिलाई, 2 मार्च।** ब्राह्मण मित्र मंडल द्वारा सामूहिक निःशुल्क उपनयन संस्कार आगामी 3 मार्च शुक्रवार को मंगल वाटिका रूंगटा कॉलेज के पास कुरूद रोड कोहका में प्रातः 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक रखा गया है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए ब्राह्मण मित्र मंडल के संयोजक राममिलन दुबे एवं सह संयोजक महेश तिवारी ने बताया कि इस दिन 51 ब्राह्मण बटुकों का सामूहिक निशुल्क उपनयन संस्कार पारम्परिक एवं वैदिक रीति से 21 विद्वान पंडितों द्वारा संपन्न कराया जायेगा। 3 बजे से शोभायात्रा निकलेगी। राममिलन दुबे ने ब्राह्मण समाज के गणमान्य लोगों से उपनयन संस्कार में उपस्थित होकर बटुकों को आशीर्वाद देने का अनुरोध किया है।

## शक्कर कारखानों में रिकार्ड गन्ना रिकवरी दर से कृषकों को होगा पिछले वर्ष की तुलना में अधिक लाभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,2 मार्च।** जिले में संचालित भोरमदेव शक्कर कारखाना राम्हेपुर और लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना पंडरिया से गन्ना किसानों को बेहतर रिकवरी मिलने से लाभ प्राप्त हो रहा है। कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे ने पेराई सीजन 2022-23 के संबंध में आज जिले के दोनो शक्कर कारखाना प्रबंध संचालकों से रिकवरी दर के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने बताया कि जिले में संचालित शक्कर कारखाना में गन्ना की पेराई लगातार जारी है। कारखाना में रिकवरी दर पिछले वर्ष की तुलना में बेहतर बना हुआ है। शक्कर उत्पादक कारखाना में पेराई सीजन 2022-23 में पूर्व से अधिक रिकवरी के मान से शक्कर का उत्पादन हो रहा है, जिसका प्रत्यक्ष लाभ कृषकां को अतिरिक्त रिकव्हरी बोनस के रूप में प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि पेराई सीजन में सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना द्वारा पूर्व पेराई सत्र से अधिक दर से शक्कर का उत्पादन किया जा रहा है, जिसके कारण कृषकों को पूर्व पेराई सत्र से अधिक राशि का भुगतान प्राप्त हो सकेगा। भोरमदेव शक्कर कारखाना के एमडी श्री भूपेन्द्र ठाकुर ने बताया कि आज रिकवरी दर 13.91 प्रतिशत है, जो पिछले



वर्ष इसी तिथि को यह रिकवरी दर 12.30 प्रतिशत था। वहीं आज तक का औसत रिकवरी दर 12.04 प्रतिशत है, जो पिछले वर्ष इसी तिथि तक 11.62 प्रतिशत था। भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा द्वारा पेराई सीजन 2022-23 में 28 फरवरी 2023 तक कुल 112 दिवस में 11 हजार 861 कृषकों से 3 लाख 2 हजार 185 मेट्रिक टन गन्ने की खरीदी कर गन्ना पेराई की जा चुकी है तथा औसत रिकव्हरी 12.04 के मान से कुल 3 लाख 27 हजार 655 क्विंटल शक्कर का उत्पादन किया जा चुका है। कारखाना द्वारा कुल खरीदे गन्ने के एवज में 11 हजार 861 गन्ना उत्पादक कृषकों को कुल राशि 51.86 करोड़ रूपए का भुगतान भी कर दिया गया है।लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना पंडरिया के एमडी श्री सतीश पाटले ने बताया कि आज की तिथि में रिकवरी दर 15 प्रतिशत है। जो पिछले वर्ष इसी तिथि को यह रिकवरी दर 14.30 प्रतिशत था। वहीं आज तक का औसत रिकवरी दर 12.66 प्रतिशत है, जो पिछले वर्ष इसी तिथि तक 12.60 प्रतिशत था। उन्होंने बताया कि आज तक 7 हजार 700 किसानों से 2 लाख 31 हजार 900 मेट्रिक टन गन्ने की खरीदी की गई है, जिसमें रिकार्ड रिकवरी 12.66 के साथ 28 हजार 538 मेट्रिक टन शक्कर का उत्पादन किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में पेराई सीजन 2022-23 जारी हैं। पिछले सीजन पंडरिया कारखाने की रिकवरी 13.1 प्रतिशत प्राप्त हुई थी। इस वर्ष भी यदि 13 प्रतिशत से अधिक रिकवरी प्राप्त होती हैं तो 10.25 प्रतिशत से 28 पॉइंट अधिक होगा। जिसके कारण 305 (10.2 प्रतिशत पर ) 85 (28 अधिक होने पर) कुल 390 रूपए कारखाना से प्रति क्विंटल प्राप्त होने की सम्भावना हैं। इसके अतिरिक्त छत्तीसगढ़ शासन द्वारा गन्ना प्रोत्साहन राशि पृथक से ज़ारी की जाती हैं। जो सीजन 2021-22 में 79.5 रूपए थी। एमडी ने बताया कि प्रारंभ में अर्ली वैरायटी और खुंटी गन्ना से शुरूआत करते है। इस वर्ष जनवरी में अर्ली लेना शुरू किए साथ ही पौधा गन्ना भी लेना शुरू किए है। जिससे इस समय रिकवरी थोड़ा गिरता ही है, लेकिन फरवरी मध्य से रिकवरी दर बढ़ता है। इसी के अनुरूप पिछले वर्ष की इस अवधि की तुलना में इस वर्ष रिकवरी दर अधिक है साथ ही अब तक का औसत रिकवरी दर भी पिछले वर्ष की तुलना में अधिक है।

### नितेश साहू बनाए गए मानपुर मोहला जिला युवा मोर्चा प्रभारी



**भिलाई, 2 मार्च।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं वर्तमान प्रदेश सह कोषाध्यक्ष नितेश साहू को संगठन ने एक अहम जिम्मेदारी सौंपते हुए उन्हें नवीन जिला मानपुर मोहला का युवा मोर्चा प्रभारी बनाया है। नितेश साहू दुर्ग जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष रहते हुए अपनी एक अलग पहचान युवाओं में बनाई है जिसे देखते हुए प्रदेश संगठन ने उन्हें प्रदेश टीम में जगह देने के बाद नया दायित्व सौंपा है। आने वाली संगठनात्मक चुनौतियों को देखते हुए आगामी विधानसभा लोकसभा चुनाव में युवाओं को पार्टी से जोड़ने हेतु ये जिम्मेदारी नितेश को दी गयी है।

# भूपेश बघेल के निर्देश पर तेजी से जारी है सड़कों का डामरीकरण

## छत्तीसगढ़ में नई सड़कों का निर्माण



**रायपुर, 2 मार्च।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के निर्देश पर छत्तीसगढ़ में नई सड़कों का निर्माण और अन्य सड़कों की गुणवत्तापूर्ण मरम्मत का कार्य तेजी से जारी है। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार जनहित के लिए सड़कों के डामरीकरण के कार्य भी तेजी से किए जा रहे हैं ताकि जनता को सुगम यातायात की सहूलियत मिल सके।

इसी कड़ी में रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में लोगों की सुविधा को देखते हुए सड़क डामरीकरण के कार्य का भूमि पूजन विधायक एवं संसदीय सचिव श्री विकास उपाध्याय के द्वारा किया गया.

इसमें चांदनी चौक कोटा शहीद मनमोहन सिंह बक्शी वार्ड क्रमांक 23 में 46.36 लाख रूपए की लागत से तथा पं.ईश्वरी चरण शुक्ल वार्ड क्र.22 पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रेलवे बुकिंग काउंटर के सामने 46.36 लाख रूपए की लागत से डामरीकरण का कार्य शामिल है। रायपुर पश्चिम विधानसभा के विधायक एवं संसदीय सचिव श्री विकास उपाध्याय ने कहा है कि क्षेत्र की जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अगुवाई में लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं ताकि लोगों को बुनियादी सुविधाओं के साथ ही सुगम यातायात के लिए अच्छी सड़कें मिल सकें।

## छत्तीसगढ़ में वाणिज्यिक वृक्षारोपण को बढ़ावा देने विशेष पहल

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा वाणिज्यिक वृक्षारोपण को बढ़वा देने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ में ''मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना'' लागू किये जाने की घोषणा उपरान्त छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना की क्रियान्वयन की तैयारी में वन विभाग जुट गया है और तैयारियां जोरो पर है। वन विभाग द्वारा अब तक 16 हजार से अधिक हितग्राहियो के लगभग 30 हजार एकड़ निजी भूमि में वृक्षारोपण हेतु पंजीयन किया गया है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने राज्य में वृक्षों के व्यवसायिक उपयोग को बढ़ावा देने की अपार संभानाओं को देखते हुए इस योजना को लागू किए जाने की घोषणा की है। इस योजनांतर्गत कृषकों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से कृषकों की सहमति पर उनके भूमि पर वाणिज्यिक वृक्षारोपण किया जाना है। मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना अंतर्गत किसान, इच्छुक भूमि स्वामी, शासकीय, अर्ध शासकीय एवं शासन के स्वायत्त संस्थाएं, निजी शिक्षण संस्थाएं, निजी ट्रस्ट, पंचायत तथा भूमि अनुबंध धारक इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। राज्य शासन द्वारा 1 वर्ष में 36 हजार एकड़ तथा 5 वर्षो में 1 लाख 80 हजार एकड़ क्षेत्रफल में कुल 15 करोड़ वृक्षारोपण करने का लक्ष्य रखा गया है।इस योजनांतर्गत राज्य शासन द्वारा 5 एकड़ तक वृक्षारोपण हेतु 100 प्रतिशत अनुदान तथा 5 एकड़ से अधिक क्षेत्र में वृक्षारोपण हेतु 50 प्रतिशत वित्तीय अनुदान देगी। चिन्हित वृक्ष प्रजातियों की खरीदी हेतु न्यूनतम क्रय मूल्य का निर्धारण भी शासन द्वारा किया जाएगा। 5 वर्षो में रोपित सभी प्रजातियो के वृक्ष परिपक्व होने पर उनका मूल्य 10 हजार करोड़ रुपये होने की सम्भावना है।

## एक नजर

### मोहला में युवा मोर्चा ने किया गृहमंत्री का पुतला दहन



**मोहला 2 मार्च।** अमन प्रताप सिंह मंडल अध्यक्ष भारतीय जनता युवा मोर्चा भैयाथान, जिला सूरजपुर के साथ रेत माफियाओं द्वारा मारपीट कर जान से मारने की कोशिश की गयी, दोनों पैरों को रौंद दिया गया है इस गंभीर 7 विषय के विरोध मे प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत के निर्देश पर प्रत्येक जिले के मंडल स्तर पर प्रदेश के गृह मंत्री का पुतला दहन करते जिला मुख्यालय मोहला के फौव्वारा चौकमें किया गया।स्थानीय थानेदार और स्कको ज्ञापन दिया गया। इस अवसर परजिलायुवा मोर्चा अध्यक्ष देव प्रसाद नेताम, जिला युवा मोर्चा उपाध्यक्ष गुड्डू पांडे,मंडलयुवा मोर्चा अध्यक्षमोनू वर्मा, अश्वनी मण्डावी, अनुरागकन्नौजे ,कोमल राजपुत,सौरभ दुवेन्द्र ,भावेश कामरे,शुभम साहु ,गणेश सेन,तेजप्रताप साहु अजय श्रीवास,रातेश टेकाम, कौशलकोवाची , आशुतोष सिंह सिन्धजनक मंजीत कुमार गणेश रामफागुराहुल दिपकरोशन शंशाक कुमार समीरकुमार मोनेष कुमार अमरिया आदि मौजूद रहे।

### जिज्ञासा करेगा आयुर्वेद उदगम, छत्तीसगढ़ के साथ देश के 7 प्रदेश से आयेगे विद्यार्थी




**राजनांदगांव 2 मार्च।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद तो का सबसे बड़ा छात्र संगठन आयुर्वेदिक विद्यार्थियों के मध्य जिज्ञासा के नाम से कार्यरत है । जिज्ञासा छत्तीसगढ़ द्वारा विद्यार्थियों के अंदर आयुर्वेद के गुण रहस्यों से अवगत कराने तत्पश्चात् उन विद्यार्थियों के माध्यम से समाज में आयुर्वेद के गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा पहुंचाने के उद्देश्य से आयुर्वेद उदगम नामक कार्यक्रम करने जा रही है। यह कार्यक्रम 2 मार्च को प्रातः 9 बजे से राजनादगांव के पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर आऊडोटरियम में संपन्न होने जा रही है इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान दिल्ली के प्रमुख प्रोफेसर महेश व्यास जी एवं देश में अग्निकर्म के प्रख्यात वैध महाराष्ट्र से आने वाले श्री उदय तलहार जी, आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था के वैध जी एवम् अभाविप के प्रदेश मंत्री श्री मनोज वैष्णव जी रहने वाले है साथ ही पूरे प्रदेश के साथ साथ देश के 7 राज्यो से 700 से अधिक संख्या में आयुर्वेद चिकित्सा की शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थी सम्मिलित होंगे।

### छूरिया नगर पंचायत में जमीन बिचौलिये के बल्ले-बल्ले

**छुरिया 2 मार्च।** सूत्रो से प्राप्त जानकारी अनुसार छुरिया नगर पंचायत मे इन दिनो जमीन खरीद फरोख्त के धन्धे खूब फाल फूल रहे है डोगरगाव रोड मे बेखौफ बिचौलिये घास जमीन पर जो जीवन यापन करने बनाये गए घरो को लोग अच्छे दामो पर बेच रहे है जबकि पिछ्ले कूछ समय इसी नगर मे एक कांग्रेसी नेता का कब्जा हटवाया गया था उसी खास जमीन के आसपास लोग आज निर्माण कर रहे है बने बनाये घरो को बेचवा रहे है और प्रारशासन मौन धारण करे नजर आ रहा है खरीद फरोख्त के धन्धे मे जहा सरकारी कर्मचारी से लेकर विपक्ष के लोग भी समिल है क्या खरीद फरोख्त बिचौलिये द्वारा निर्धारित दर से अधिक रेट पर लेके बसे बसाये आशियानो को चिटफंड वालो के तरह लालच देकर इनके द्वारा शिकार नही किया जा रहा है ये नगर के लिये बहूत ही गम्भीर दाव नही है बताया जाता सेटिंग के तहत एक महील के नाम पर करोड़ो की खरीद फरोख्त हूई है।

### जोरातराई में लाखों रुपए के मनरेगा कार्य का भूमिपूजन

**अंवरी 2 मार्च।** ग्राम पंचायत जोरातराई मैं विभिन्न विकास कार्यो की भूमि पूजन किया गया जिसमें धरसा मिट्टी सड़क निर्माण कार्य मेंन रोड से मंथीर खेत तक 300 मीटर एवं धरसा मिट्टी सडक निर्माण कार्य मेहतरू तारक घर से मेन रोड केजू राम साहू घर तक 2 लाख 86हजार रूपया व पथ उपचार कार्य नाली से स्कूल पीछे तक 700 मीटर पथ उपचार कार्य पुलिया से जामबाडी तक 300 मीटर पथ उपचार कार्य त्रिलोचन खेत से बालमुकुंद खेत तक 500 मीटर पथ उपचार कार्य स्कूल खेत से बड़े नाला तक 300 मीटर की सुकृति 13 लाख 17000 हजार रुपए प्रशासनिक सुकृति मिले हैं।

### निधन

### प्रीतम सिंह भाटिया का निधन

**राजनांदगांव 2 मार्च।** नगर के प्रतिष्ठित व्यक्तित्व ,सिक्ख समाज के सम्माननीय तथा कई वर्षो से लगातार गुरूद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा राजनांदगांव के कोषाध्यक्ष के रूप में सेवा निभाने वाले गुरमुख प्यारे सरदार प्रीतम सिंहजी भाटिया का आज बुधवार नागपुर में इलाज के दौरान दुखद निधन हो गया , वे 88 वर्ष के थे !



उनकी अंतिम यात्रा कल गुरूवार 2 मार्च को प्रातः 10.30 बजे उनके निज निवास सहदेव नगर से मुक्तिधाम के लिए निकलेगी ! वे अपने पीछे सुपुत्र सुरेंदरपाल सिंह सोनू भाटिया , 5 बेटियों तथा पोते - पोती - नाती से भरा परिवार छोड़ कर गए है ! गुरूद्वारा श्री गुरुसिंह सभा राजनांदगांव प्रबंध समिति द्वारा दुख की इस घड़ी में हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हुए इसे समाज की अपूरणीय क्षति बताया ! तथा अकाल पुरख वाहेगुरू से अरदास की है कि दिवंगत आत्मा को असीम शांति प्रदान करे तथा उनके पूरे परिवार को इस असहनीय दुख को सहन करने का सामर्थ्य प्रदान करे !

# सरकार की जनोपयोगी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य: कुलबीर छाबड़ा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 2 मार्च।** भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की रीढ रही कांग्रेस ने आजादी मिलने के बाद देश का आधारभूत ढांचा विकसित किया और अपनी ईमानदारी, विश्वनीयता और कर्मठता से आगे बढ़ा। किन्तु आज केन्द्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के चलते महंगाई, बेरोजगारी व भ्रष्टाचार लगातार बढ़ रही है। कांग्रेस लगातार केन्द्र सरकार को महंगाई कम करने व बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने की बात कह रही है। इस उद्देश्य को संकल्पित कर शीर्ष नेतृत्व राहुल गांधी जी द्वारा भारत जोड़ो यात्रा निकाली उसी परिप्रेक्ष्य को लेकर हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा निकालकर केन्द्र की नीतियों व छत्तीसगढ़ सरकार के जनहितकारी योजनाओं को संदेश आम जनता से साझा कर समर्थन मांग रही है। शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री मोहन मरकाम जी के आदेशानुसार शहर जिला कांग्रेस प्रभारी अरूण सिंह सिसौदिया के निर्देशानुसार छग अंत्याव्यवसायी वित्त विकास निगम के अध्यक्ष, पूर्व मंत्री एवं हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा के प्रदेश कांग्रेस कमेटी से नियुक्त राजनांदगांव शहर प्रभारी श्री धनेश पाटिला, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के निर्देशन व उत्तर ब्लॉक कांग्रेस प्रभारी श्रीमती शारदा तिवारी के सानिध्य व उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली के नेतृत्व में 01 मार्च बुधवार को बल्देव बाग वार्ड नं. 15 बूथ क्रमांक 98, 99 राममंदिर से निकली जो मिलचाल, होते हुए शिवधाम से बल्देवबाग होते हुए नया बस स्टैण्ड का भ्रमण करते हुए पार्षद विनय झा के कार्यालय में यात्रा का समापन हुआ। यात्रा में वरिष्ठ कांग्रेसी जयनारायण सिंह, पार्षद विनय झा, बूथ अध्यक्ष शेषनाथ, विनोद मिश्रा की सक्रिय भूमिका रही। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने नुक्कड़ सभा के माध्यम से आम जनता से रूबरू होते हुए कहा कि माननीय राहुल गांधी जी द्वारा भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से देश की एकता और प्रेम की अलख जगाते हुए निकली। श्री छाबड़ा ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार जनघोषणा पत्र के अनुरूप कार्य कर रही है और लगातार अपने घोषणा पत्र को पूरा कर रही है। आज छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार किसान को आने वाले समय में 2800 रूपए धान खरीदने का फैसला लिया जिससे हमारे किसान भाई समृद्ध होगे। जनहितकारी योजनाओं के माध्यम से प्रदेशवासी खुशहाल हो रहे है। उत्तर ब्लॉक कांग्रेस प्रभारी श्रीमती शारदा तिवारी ने वार्डवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार लगातार विपक्ष की आवाज दबा रही है वे केन्द्रीय एजेंसियों का दुरूपयोग कर हमारे कांग्रेस के नेताओं पर ईडी की छापेमार कार्यवाही कर डरा रही है वे नहीं जानते कि कांग्रेस न डरी है न डरने वाली है। इसी तरह छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार द्वारा जनहितकारी योजनाओं से लाभान्वित कर रहे है। उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली ने भारत जोड़ो यात्रा का संदेश का वाचन करते हुए कहा कि भारत की प्रभुत्व को बचाना है तो कांग्रेस को मजबूत करना जरूरी है। भारत को जय जवान, जय किसान चाहिए न की अंडानी मित्र। किसान पुत्र हर वर्ग का ध्यान रखना वाले भूपेश बघेल सरकार की जनहितकारी योजनाओं से आज प्रदेश लगातार उन्नत प्रदेश में अग्रणी हो रहा है। यात्रा के दौरान प्रमुख रूप से दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस प्रभारी श्रीकिशन खंडेलवाल, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी, सविता ठाकुर, मोहम्मद यहया, महामंत्री हनी ग्रेवाल, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, सेवादल अध्यक्ष अमित खण्डेलवाल आदि उपस्थित रहे।

# महापौर ने बजट पर पार्षदों से की चर्चा



**राजनांदगांव 2 मार्च।** महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट को सदन में पेश किये जाने के पूर्व नगर निगम पार्षदों के सुझावों को लेकर आज निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी की उपस्थिति में नगर निगम सभागृह में भाजपा पार्षददल एवं कांग्रेस पार्षद दल की अलग अलग बैठक बुलायी, बैठक में दोनो दल के पार्षदों ने विभिन्न सुझाव रखे। इसके अलावा महापौर श्रीमती देशमुख ने पार्षदों से अपने अपने वार्डो में विकास कार्य कराये जाने प्रस्ताव भी आमंत्रित किये। बजट के सुझाव बैठक में निगम अध्यक्ष श्री हरिनारायण पप्पू धकेता, नेता प्रतिपक्ष श्री किशुन यदु सहित महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यो एवं कांग्रेस व भाजपा के पार्षदों ने नगर विकास एवं निगम हित के संबंध में व्यापक सुझाव रखे। उल्लेखनीय है कि महापौर श्रीमती देशमुख ने इस वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट को सदन में पेश किये जाने के पूर्व नगर निगम पार्षदों के सुझावों को लेकर आज दिनांक 1 मार्च 2023 को अपरान्ह 3 बजे भाजपा पार्षदों एवं 4 बजे कांग्रेस पार्षदों की बैठक आहुत की थी, जिसमें भाजपा व कांग्रेस पार्षदों ने उपस्थित होकर लिखित एवं मौखिक में अपने अपने सुझाव दिये। सुझाव की कडी में बजट 2024 सुझाव हेतु मेयर हेल्प लाईन नं. 07744 222214, हमर मयारू राजनांदगांव फेस बुक पेज एवं निगम सुझाव पेटी के माध्यम से भी 07 मार्च तक शहर के गणमान्य नागरिकों से सुझाव आमंत्रित किया गया है। सुझाव उपरांत जनभावनाओं के अनुरूप बजट तैयार किया जायेगा। इसी कडी में महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने पार्षदों से उनके वार्डो में विकास कार्य कराने प्रस्ताव भी आमंत्रित किये है, ताकि शासन द्वारा नगर विकास के लिये किये गये स्वीकृत राशि से वार्डो में विकास कार्य कराया जा सके। आज की बैठक में पार्षदों सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### वार्डो मे विकास कार्य के लिये महापौर ने किया भूमिपूजन

नगर निगम द्वारा वार्डो में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने विकास कार्य कराये जा रहे है, इसी कडी में आज वार्ड नं. 1 में सीमेंट कांक्रिटिंग रोड, वार्ड नं. 2 में सीमेंट कांक्रिटिंग रोड व नाली निर्माण, वार्ड नं. 3 में नाली निर्माण एवं वार्ड नं. 7 में सीमेंट कांक्रिटिंग रोड व नाली निर्माण के लिये महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख द्वारा चारो वार्ड में अलग अलग आयोजित कार्यक्रम में भूमिपूजन पूजा अर्चना कर श्रीफल फोड कर किया गया। कार्यक्रम में महापौर हेमा देशमुख ने कहा कि पार्षद एवं वार्डवासियों की मांग पर वार्डो में विकास कार्य कराया जा रहा है, इसी कडी में आज वार्ड नं. 1, 2, 3 व 7 में अधोसंरचना मंद अंतर्गत 7-7 लाख रूपये की लागत से सीमेंट कांक्रिटिंग रोड एवं नाली निर्माण कार्य कराये जाने भूमि पूजन किया गया, उक्त कार्य गुणवत्ता के साथ अतिशीघ्र पूर्ण कराया जायेगा। नाली बन जाने से उक्त क्षेत्र के घरों से निकलने वाला पानी निकासी में सुविधा होगी। इसी प्रकार रोड बनने से आवागमन में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि मांग अनुसार इसी प्रकार वार्ड में अन्य कार्य कराये जोयेगें।

# नक्सलियों ने सड़क निर्माण में लगी पोकलेन मशीन को किया आग के हवाले

■ भोपालपटनम थाना के पोषणपल्ली में दिया घटना को अंजाम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 2 मार्च।** भोपालपटनम ब्लाक के नक्सल प्रभावित गांव पोषणपल्ली में नक्सलियों ने दोपहर में 2-3 बजे के लगभग एक पोकलेन मशीन को आग के हवाले कर दिया हैं। नक्सलियों ने आगजनी की वारदात को उस वक्त अंजाम दिया हैं। जब वहां सड़क निर्माण का काम चल रहा था। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत भोपालपटनम ब्लाक के अतिसंवेदनशील पोषणपल्ली से नुगुर तक 8 किलो मीटर की मिट्टी मुरुम का काम गुप्ता कस्ट्रेक्शन कंपनी द्वारा किया जा रहा है। जिसकी लागत दो करोड़ इकहत्तर लाख रुपये बताई गई है। बुधवार को भी इस सड़क पर निर्माण का काम चल रहा था। तभी दोपहर के तकरीबन 2 से 3 बजे के बीच कुछ हथियार बंद नक्सली कार्य स्थल में आ धमके और काम बंद करने को कहा। इसके बाद वहां सड़क निर्माण में लगी पोकलेन मशीन को नक्सलियों आग के हवाले कर दिया। पीएमजीएसवाय के ईई मोहन सोनी का कहना है कि यह सड़क का काम गुप्ता कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा किया जा रहा हैं। आगजनी की घटना की खबर उन्हें भी मिली हैं। फिलहाल विस्तृत खबर उन तक नहीं आई हैं। वही खबर लिखे जाने तक पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय से उनका वक्तवय जानने के लिए दूरभाष पर चर्चा की गई तो उन्होंने बताया की वो पुलिस अधिकारियो से चर्चा कर इस घटना की पुष्टि कर पाने की बात कही।

## मोहला-मानपुर विधानसभा युवा कांग्रेस ने एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाने का विरोध किया

**मोहला -मानपुर 2 मार्च।** छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी सुश्री पलक वर्मा ,प्रदेश अध्यक्ष युवा कांग्रेस छत्तीसगढ़ आकाश शर्मा, जिला प्रभारी नरेंद्र वर्मा, के निर्देशनुसार बढ़ती महंगाई और बढ़ते गैस के दामों के विरोध में केंद्र सरकार के खिलाफ युवा कांग्रेस मोहला-मानपुर विधानसभा मे जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस मनीष निर्मल के नेतृत्व में मानपुर बस स्टैंड मे चुल्हे मे चाय बना कर एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया नरेंद्र मोदी केंद्र में लगातार 6 साल मैं आने से महंगाई चरम सीमा पर बढ़ रही हैं साथ ही एलपीजी का गैस में लगातार वृद्धि हो रही है अडानी और अंबानी को अपने भाई बनाक गरीबों के पैसा लुट रहे है इस कार्यक्रम मे जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस मनीष निर्मल, विधानसभा अध्यक्ष नितिन लोन्हरे,कांग्रेस नेता ललित बोगा,युवा नेता तनुज मंडल,सैफ खांन,निखिल यादव,सत्यव्रत सिन्हा,आनंद नायक,मुकेश ,खिलवन साहु,देवा सारथी,रोहित केवट,प्रकाश विश्वास,दिपेश आतरामे, संतोष हलरदार,राहुल मालेकर,बिट्टू श्रीवास उपस्थित रहे।



# अवैध शराब ब्रिक्री मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 2 मार्च।** श्रीमान् पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री अभिषेक मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री लखन पटेल, नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल. द्वारा जिले में चलाये जा रहे अवैध शराब बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम के अभियान के तहत दिनांक 01/03/2023 को थाना प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा के नेतृत्व पर थाना स्टाफ व पेट्रोलिंग को ग्राम कुतुलबोडभाठागांव की ओर रवाना किया गया था कि ग्राम कुतुलबोडभाठागांव, खार कुआ चौक के पास अवैध रूप से शराब बिक्री करने की मुखबीर सूचना पर रवाना टीम द्वारा समक्ष गवाहन घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया जिसमें आरोपी जुगलकिशोर पिता रूपलाल विश्वकर्मा उम्र 33 वर्ष निवासी कुतुलबोडभाठागांव के कब्जे से 88 पौवा देशी शराब बिक्री का रकम 300 रूपये जुमला कीमती 7340 रूपये को गवाहों के समक्ष जप्त किया गया. आरोपी को मौके पर गिरफ्तार कर थाना लाया गया जिसके विरूद्ध थाना लालबाग में अपराध कमाक 71/2023 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट कायम कर वैधानिक कार्यवाही पश्चात् ज्युडिशियल रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा, सउनि राजू मेश्राम, सउनि येनलाल चन्द्राकर प्र0आर0 418 देवसिंह मार्को प्र0आर0 537 लोकेश गजभिये, आर0 1272 सुनील वैरागी, आर0 88 राकेश ठावरे, आर0 583 राजेश श्रीवास्तव की सराहनीय भूमिका रही।

## ट्रेवेल क्रेडिट कार्ड लॉन्च

**रायपुर, 2 मार्च।** रेल मंत्रालय के तहत सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड और भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने आज भारत के सबसे पुरस्कृत को-ब्रांडेड ट्रेवेल क्रेडिट कार्डो में से एक को लॉन्च करने के लिए साझेदारी की घोषणा की। आईआरसीटीसी एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड के नाम से जाना जाने वाला नया कार्ड लॉन्च किया गया, को-ब्रांडेड कार्ड एक ही संस्करण में है और विशेष रूप से एनपीसीआई के रुपे नेटवर्क पर उपलब्ध है। यह आईआरसीटीसी की टिकटिंग वेबसाइट और आईआरसीटीसी रेल कनेक्ट ऐप के माध्यम से बुक किए गए ट्रेन टिकटों की बुकिंग पर विशेष लाभ और अधिकतम बचत प्रदान करेगा।

## मां कर्मा की महाआरती कर प्रसादी वितरण

**नगरी 2 मार्च।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के आह्वान पर जिला साहू संघ के अध्यक्ष श्री अवनेन्द्र साहू के दिशा निर्देश के अनुसार माह के प्रथम दिवस में साहू समाज के आराध्य देवी माँ कर्मा के महाआरती का आयोजन ग्रामीण, परिछेत्र, तहसील स्तर पर किया जाना है ! इसी कड़ी में 1 मार्च दिन बुधवार को शाम 7 बजे कर्मा भवन नगरी में सामाजिक बंधुओं ने सामुहिक रूप से महाआरती किया गया तत्पश्चात खिचड़ी प्रसादी का भोग लगाकर वितरण किया गया इस महाआरती कार्यक्रम में नगर साहू समाज के पदाधिकारी गण,पांघर प्रमुख एवं स्वजातीय बंधु उपस्थित थे! यह जानकारी हरीश साहू नगर साहू समाज के सहसचिव द्वारा प्रेषित किया गया।



## जीई रोड के 11 ठेला खोमचा वालों पर 1 हजार 5 सौ रुपये जुर्माना, 2 किलो पालिथीन जब्त

# प्रतिबंधित प्लास्टिक पर निगम ने की कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 2 मार्च।** प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभाव एवं पर्यावरण संरक्षण के लिये शासन मंशानुरूप सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाये जाने कार्यवाही पर नगर निगम सख्ती बरत रही है और अभियान चलाकर प्रतिबंधित प्लास्टिक विक्रय एवं उपयोग पर जुर्माना कर जप्ती की कार्यवाही कर रही है। इसी कडी में आज जी.ई.रोड में अभियान चलाकर प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग करने 11 ठेला खोमचा वालों पर कार्यवाही करते हुये 1 हजार रूपये 5 सौ रूपये जुर्माना कर 2 किलो पालीथिन जप्त किये। उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं प्रत्येक व्यक्ति व पशु-पक्षियों को प्लास्टिक के नुकसान से बचाने सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध करने कडे कदम उठाये जा रहे है। शासन के मंशानुरूप नगर निगम द्वारा भी सख्ती बरत कर प्रतिबंधित प्लास्टिक विक्रय एवं उपयोग के विरूद्ध कडी कार्यवाही कर रही है। निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने प्लास्टिक से होने वाले नुकसान पर कहा कि आज प्लास्टिक का उपयोग हर व्यक्ति के द्वारा किया जा रहा है, जिसका दुष्प्रभाव भी पड रहा है तथा प्लास्टिक पर्यावरण को नुकसान पहुँचाने के साथ साथ मानव जीवन सहित जीव जन्तु के स्वास्थ्य पर सीधा प्रभाव डाल रहा है, फिर भी लोग इसका उपयोग कर रहे है। इसके नुकसान से बचाने शासन द्वारा इसके विक्रय एवं उपयोग पर रोक लगाया जा रहा है।

शासन मंशानुरूप नगर निगम का स्वास्थ्य अमला भी शहर में प्रतिदिन सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग एवं विक्रय नहीं करने समझाईस दे रहे है, समझाईस उपरांत विक्रय व उपयोग करते पाये जाने पर लगातार कडी कार्यवाही की जा रही है। कार्यवाही की कडी में आज जी.ई. रोड के अंजना बोरकर,गंधर्व सिंह कुशवाह, राजकिशोर शुक्ला, बानी सोनकर, राजू गुव्वा, सुरेश सोनकर फल ठेला से 100-100 रूपये, भूवन सोनकर, धर्मेन्द्र सोनकर फल ठेला से 150-150 रूपये, राज सोनकर, लड्डुन जयसवाल व विनोद सोनकर फल ठेला से 200-200 रूपये इस प्रकार कुल 1 हजार रूपये 5 सौ रूपये अर्थदण्ड वसूला गया एवं 2 किलो पालीथिन जप्त किये। उक्त अभियान प्रतिदिन जारी रहेगी। उन्होंने सभी व्यापारियों से अपील करते हुये कहा कि अपने प्रतिष्ठानों की नियमित साफ-सफाई रखे एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का विक्रय व उपयोग न करे। साथ ही उन्होंने नागरिकों से भी अपील करते हुये कहा है कि वे प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करते हुये जब भी घर से निकले कपडे के थैला लेकर निकले तथा लोगो को भी इसके लिये प्रेरित करे, ताकि प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभाव से बचा जा सके।

## खुज्जी विधानसभ में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान विधायक छन्नी चंदू साहू के नेतृत्व में चलाया जा रहा

**छूरिया 2 मार्च।** छत्तीसगढ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम के आह्वान पर व जिला कांग्रेस कमेटी के निर्दैश व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन मे खुज्जी विधानसभ मे चलाए जा रहे हाथ से हाथ जोडो अभियान लगातार खुज्जी विधायक छन्नी चंदू साहू के अगवाई मे कार्यकर्ताओ के साथ-साथ तेज धूप मे भारी उत्साहित और प्रफुल्लित होकर ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत चलाया जा रहा है ग्रामीणो द्वारा भव्य स्वागत भी किया जा रहा है बताते है इस विधानसाभ मे जो उमंग और उत्साहपूर्ण मौहोल देखने को मिल रहा है बाकी विधानसाभ मे रूखी दिखाई पडती है बताया जाता यात्र के दौरान टिकीट के दावेदार सिर्फ फोटोग्राफी करवा कर निकल पडते है जो जनता के बीच समय नही दे सकते वो विधानसाभ का नेतृत्व परिवर्तन के सपने सजाये बैठे है शायद जन्म दिन मनाने मे मस्त हो सकते है आधा दर्जन टिकीट के दावेदार फेशबुक और वाडशॉप से प्रचार प्रसार करते हुए इस पूरे विधानसाभ के कूछ चुनींदा गांवो मे ही सिर्फ नजर आते है जिस तरीके से हाथ से हाथ जोड़ अभियान का आगाज कर आवाम तक विधानसाभ के ग्रामीण अचंल के हर गली मुहल्ले मे दस्तक दे रहे है विधायक और इनकी सक्रियता से विपक्ष से लेकर टिकीट के दावेदारो मे भारी बैचैनी देखी जा सकती है अभियान के आगाज से आवाम तक की सकारात्मक सोच बहूत ही सराहनीय है।



संपादकीय

## जो जिता सकता है वही नेता होता है

राजनीति में जो पार्टी को जिता सकता है, वह नेता होता है, जो पार्टी को मजबूत कर सकता है ,वह नेता होता है। जिस पर पार्टी के लोगों को भरोसा होता है, वह नेता होता है, जिस पर जनता को भरोसा होता है, वह नेता होता है। जो पार्टी को एकजुट रख सकता है, उसाका जनाधार मजबूत कर सकता है, वह नेता होता है, जो पार्टी को होने वाले चुनाव में जिता सकता है, वह नेता होता है। किसी पार्टी का नेता होने की कई कसौटियां होती है, जो नेता उन कसौटी पर खरा उतरता है, वही उस राज्य का नेता माना जाता है। सीएम भूपेश बगेल छत्तीसगढ़ कांग्रेस के ऐसे ही नेता है। एक बार वह पार्टी को वह चुनाव जिता चुके हैं, पार्टी के लोगों को उन पर भरोसा है, राज्य की जनता को उन पर भरोसा है, उनके नेतृत्व में पार्टी मजबूत हुई है, एकजुट है,उसक जनाधार बढ़ा है। एक नेता की जो कसोटी होती है वह उन तमाम कसौटी पर खरे हैं। पार्टी ने उन्हें जो भी काम सौंपा है, वह काम कितना भी कठिन भी क्यों न रहा हो,वह उन्होंने सभी के सहयोग पूरा करके दिखाया है। चाहे वह कांग्रेस को विधानसभा चुनाव जिताना हो। चाहे दूसरे राज्यों में कांग्रेस का चुनाव प्रचार करना हो, कांग्रेस को जिताना हो। उन्हें यूपी चुनाव प्रचार के लिए भेजा गया,वह यूपी गए। उन्हें असम भेजा गया वह अमस गए। उन्हें हिमाचल भेजा गया, वह हिमाचल गए। हिमाचल में कांग्रस की जीत में उनकी भूमिका अहम थी। कांग्रस को यह जीत बरसों बाद मिली थी, कांग्रेस राज्यों में निरंतर हारती जा रही थी। उसे एक जीत की जरूरत थी और यह जीत कांग्रेस को हिमाचल में मिली। इससे कांग्रेस का उत्साह बढ़ा है तथा उसे आत्मविश्वास लौटा है कि हम राज्य का चुनाव भी जीत सकते हैं। वह भूपेश बघेल ही थे जिन्होंने छत्तीसगढ़ में निरंतर हारती कांग्रेस की कमान संभाली और उसे जिता कर दिखाया। यही नहीं कांग्रेस इसके बाद राज्य में कोई चुनाव नहीं हारी। पांच उपचुनाव हुए कांग्रेस ने एक उपचुनाव तक भाजपा को जीतने नहीं दिया तो इसका श्रेय भी भूप्पेश बघेल को जाता है। यही नहीं दूसरे तमाम कांग्रेसी सीएम की तुलना में उनकी सरकार ने छत्तीसगढ़ मे ऐसी योजनाएं बनाई है, ऐसे काम किए हैं जिससे भूपेश बघेल व कांग्रेस के प्रति जनता का विश्वास बढ़ा है। अपनी जनहितकारी योजनाओं के जरिए नई राजीति के अनुरूप उन्होंने कांग्रेस की जीत के लिए जरूरी लाभार्थियों का एक बड़ा वर्ग भी बनाया है। यानी ऐसा वर्ग जो चुनाव में कांग्रेस को ही वोट देगा। वर्तमान राजनीति में उसी नेता व पार्टी की जीत सुनिश्चित होती है जिसका अपना लाभार्थी वर्ग होता है। यह वर्ग जितना बड़ा होता है, जीत उतनी ही सुनिश्चित होती है। भूपेश बघेल इस बात को समझ गए थे कि अब परंपरागत राजनीति का समय नहीं है, अब नई राजनीर्ता में नए ढंग से सोचना पड़ता है, नए आइडिया पर काम करना पड़ता है। हमेशा विपक्ष से आगे रहना पड़ता है। भूपेश बघेल राज्य में कांग्रेस नेताओं से तो आगे है ही,वह भाजपा नेताओं से भी आगे रहते हैं। इससे पहले भाजपा नेता उन पर हावी हों, राज्य के कई मुद्दे उठाकर भाजपा पर निरंतर हावी रहते हैं। वह ऐसे पहले सीएम है जिन्हें राज्य में कांग्रेस विधायकों को संतुष्ट करने के लिए मंत्रिमंडल का विस्तार तक नहीं करना पड़ा है। यहां किसी विधायक ने मांग तक नहीं कि मंत्रिमंडल का विस्तार किया जाए। एक बार जो मंत्री बना दिए गए। उन्हें बदलने की जरूरत यहां महसूस नहीं हुई। शुरू से 13 मंत्री थे तथा चुनाव का आखिरी साल में भी 13 ही मंत्री हैं। भूपेश बघेल पर जनता जितना विश्वास करती है, उससे ज्यादा विश्वास आलाकमान करता है। आलाकमान ने भूपेश बघेल को सीएम की जिम्मेदारी सौंपी तो उन्होंन बतौर सीएम ऐसे ऐसे काम करके दिखाए हैं जिससे कांग्रेस की साख बढ़ी है। कांग्रेस मजबूत हुई है। यही वजह है कि भूपेश बघेल को यहां से बदलने की आलाकमान ने अब तक तो सोचा नहीं है। छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीए अधिवेशन होने के बाद तो भूपेश बघेल की कद कांग्रेसी नेताओं में और ऊंचा हुआ है। वह आलाकमान के लिए भरोसे के नेता है। वह ऐसे नेताओं में हैं जिन पर आलाकमान भरोसा करता है। विश्वास करता है कि इससे जो कहा जाएगा वह करके दिखाएगा। आज कांग्रेस को सबसे ज्यादा जरूरत चुनाव जिताने वाले नेताओं की है। भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ के ऐसे ही नेता जो चुनाव मे कांग्रेस को जिता सकते हैं निरंतर जिता सकते हैं। हर चुनाव जिती सकते हैं। ऐसे नेताओं की कदर हर पार्टी होती है। ऐसे नेता ही पार्टी की पूंजी होते हैं। ऐसे नेता ही पार्टी का सुनहरा इतिहास लिखते हैं। ऐसा इतिहास लिखते हैं जिस पर भविष्य में पार्टी को गौरव होता है।

# विभिन्न जीवों,वनस्पतियों की प्रजातियों की रक्षा जरूरी

**विश्व वन्यजीव दिवस**

**सुनील कुमार महला**



आज हमारी धरती से विभिन्न पेड़-पौधों, वनस्पतियों, जीव-जंतुओं की प्रजातियां लगातार विलुप्त होती चली जा रही हैं। इन सभी प्रजातियों के संरक्षण की दिशा में ही वर्ष 2013 से प्रतिवर्ष 3 मार्च को 'विश्व वन्यजीव दिवस' के रूप में मनाया जाता है। जानकारी देना चाहूंगा कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 20 दिसंबर 2013 को जंगली जीव और वनस्पतियों की लुप्तप्राय(एनडेंजर्ड) प्रजातियों(स्पेशीज) में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन% (सीआईटीईएस) को विश्व वन्यजीव दिवस अपनाने का दिन घोषित करने का निर्णय लिया था, जिसे थाईलैंड द्वारा दुनिया के जंगली जीवों और वनस्पतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और मनाने के लिए प्रस्तावित किया गया था। वास्तव में, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने विभिन्न वन्यजीवों(वाइल्ड एनीमली) के पारिस्थितिकी तंत्र(इको सिस्टम), उनकी आनुवांशिकी(जेनेटिक्स),वैज्ञानिक, सौंदर्य सहित विभिन्न प्रकार से अध्ययन-अध्यापन को सतत रूप से बढ़ावा देने, विभिन्न जीवों और वनस्पतियों की प्रजातियों के अस्तित्व की रक्षा, उनका संरक्षण किए जाने के संदर्भ में इस दिवस को प्रतिवर्ष मनाये जाने का निर्णय लिया था, जो कि वास्तव में इस दिन को मनाने के उद्देश्य भी कहे जा सकते हैं। सच तो यह है कि जीवों के बिना सतत विकास और मानव कल्याण संभव नहीं हैं। जीव-जंतु और वनस्पतियों के कारण से ही मानव का अस्तित्व, कल्याण व विकास संभव है। जानकारी देना चाहूंगा कि वर्ष 2020 की थीम % पृथ्वी पर जीवन कायम रखना%, वर्ष 2021 की थीम% वन और आजीविका÷ लोगों और ग्रह को बनाए रखना%, वर्ष 2022 की थीम - %पारिस्थितिकी तंत्र की बहाली के लिए प्रमुख प्रजातियों को पुनर्प्राप्त करना% थी, वहीं इस वर्ष यानी कि वर्ष 2023 में विश्व वन्य जीव दिवस की थीम% %वन्यजीव संरक्षण के लिए साझेदारी% रखी गई है। वास्तव में यह दिवस एक प्रकार से दुनिया के विभिन्न जंगली जानवरों और पौधों/वनस्पतियों पर ध्यान आकर्षित करने और उनका सम्मान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम कहा जा सकता है। बताता चलूं कि वर्ष 2020 को %जैव विविधता सुपर वर्ष% कहा गया था, क्योंकि वर्ष 2020 में जैव विविधता को सतत विकास के लिए वैश्विक एजेंडे में सबसे ऊपर रखा गया था। बहरहाल, वनस्पतियों-पेड़-पौधों से ही इस धरती की पहचान और सौंदर्य है। वनस्पतियों, पेड़-पौधों के कारण ही मनुष्य जाति का अस्तित्व संभव है। इन्हीं जीव-जंतुओं, पेड़-पौधों व वनस्पतियों के कारण हमारी जैव-विविधता कायम है। पृथ्वी की जैव-विविधता के विकास के साथ-साथ पेड़, जीवों व वनस्पतियों को आवास उपलब्ध कराने और भोजन, ईंधन, लकड़ी, औषधीय उत्पादों व अन्य चीजों के जरिए जीवन व आजीविका को बनाए रखने में बेहद महत्वपूर्ण व अहम्मि का निभाते हैं। हमारे यहाँ पेड़-पौधों की साठ हजार से भी अधिक प्रजातियां हैं। ये हमारी पृथ्वी के बायोमास का बड़ा हिस्सा हैं। पेड़-पौधे व वनस्पतियां धरती की संवहनीयता को बनाए रखने में सहायक हैं, वहीं इनसे हमें भरपूर ऑक्सीजन, अनेक उत्पाद गोंद,लकड़ी, फल-फूल,बीज आदि की प्राप्ति होती है। बरसात भी पेड़ों के कारण संभव होती है। सितंबर 2021 में पहली बार ÷द स्टेट ऑफ द वर्ल्ड्स ट्रीज÷ प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार आज दुनियाभर में 58,497 पेड़ों की प्रजातियां लुप्त होने के खतरों का सामना कर रहे हैं जो कि बहुत ही संवेदनशील व गंभीर है। यह रिपोर्ट बताती है कि दुनियाभर में 17,510 (30 प्रतिशत) पेड़ों की प्रजातियां विलुप्त होने की कगार पर हैं, जिनमें से 142 पहले ही जंगलों में विलुप्त हो चुकी हैं।

यहाँ बताता चलूं कि भारत दुनिया के 17 अत्यधिक विविधता वाले देशों में से एक है। स्टेट ऑफ द वर्ल्ड्स ट्रीज रिपोर्ट के विश्लेषण और आईयूसीएन की सप्लिमेंट्री इंफॉर्मेशन से पता चलता है कि देश में पेड़ों की कुल 2,608 प्रजातियां हैं, जिनमें से 651 स्थानिक हैं। इनमें से कुल 413 प्रजातियां (18 प्रतिशत) विलुप्त होने की कगार पर हैं, 2 स्थानिक प्रजातियां-होपिया शिंगकेंग और स्टरकुलिया खासियाना पहले ही विलुप्त हो चुकी हैं। कोराइफा टैलिएरा जंगलों में लुप्त हो चुकी है।भारत आजीविका और पारिस्थितिक सेवाओं के लिहाज से महत्वपूर्ण पेड़ों की प्रजातियों को तेजी से खो रहा है। इनमें मसाले (जैसे इलिसियम ग्रिफिथआई), इज (एक्वीलेरिया मैलाकेंसिस), दवा (कमिफोरा वाइटी), लकड़ी (मैगनोलिया लैनुगिनोज), फल (एलियोकार्पस प्रूनिफोलियस), सजावटी उत्पाद (रोडोडेंड्रोन वाटी) और ईंधन (उल्मस विलोसा) का उत्पादन करने वाली प्रजातियां शामिल हैं। इन प्रजातियों के लिए प्रमुख खतरों में वनों की कटाई, आवास की क्षति, लकड़ी और गैर-लकड़ी उत्पादों के लिए अत्यधिक दोहन, कृषि गतिविधियों और विदेशी कीटों और बीमारियों का प्रसार शामिल हैं। अत्यधिक दोहन ने देश के कुल वन क्षेत्र को काफी हद तक बदल दिया है। दुर्भाग्य से बहुत से लोग पेड़ों को ÷ अर्थ(धन) मशीन÷ के रूप में देखने लगे हैं। देश का कुल वन और वृक्षों से भरा क्षेत्र 80.9 मिलियन हेक्टेयर है जो देश के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का 24.62 प्रतिशत है। यह आबादी की तुलना में और संसाधनों के हिसाब से उतना नहीं है जितना कि वास्तव में होना चाहिए। बढ़ते शहरीकरण, औधोगीकरण, विकास और तकनीक के बीच हमने आज हर जगह कंक्रीट की दीवारें खड़ी कर दी है और पृथ्वी के संसाधनों का असीमित, अविवेकपूर्ण व अंधाधुंध उपयोग कर रहे हैं जो कि हमारे लिए बहुत ही घातक सिद्ध हो सकता है। हालांकि वन सर्वेक्षण रिपोर्ट 2021 के अनुसार पिछले दो वर्षों में (वर्ष 2019) देश के कुल वन और वृक्षों से भरे क्षेत्र में 2,261 वर्ग किमी की बढ़ोतरी हुई है, और देश में कुल मैंग्रोव क्षेत्र 4,992 वर्ग किमी है, इसमें 17 वर्ग किमी क्षेत्र की वृद्धि दर्ज की गई है, लेकिन इसमें और अधिक इजाफा किए जाने की जरूरत है। इस रिपोर्ट के अनुसार देश के जंगल में कुल कार्बन स्टॉक 79.4 मिलियन टन की बढ़ोतरी के साथ 7,204 मिलियन टन होने का अनुमान है। एक सुखद तथ्य यह है कि (वर्ष 2021 के मौजूदा मूल्यांकन से पता चलता है कि) देश के 17 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों का 33 प्रतिशत से अधिक भौगोलिक क्षेत्र वनों से पटा हुआ है।

अच्छी बात यह है कि आज सरकार का ध्यान वनों को न केवल मात्रात्मक रूप से संरक्षित करने पर है बल्कि गुणात्मक रूप से इसे समृद्ध करने पर भी है। आज क्षेत्रफल के हिसाब से, मध्य प्रदेश में देश का सबसे बड़ा वन क्षेत्र है। इसके बाद अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा और महाराष्ट्र हैं। कुल भौगोलिक क्षेत्र के प्रतिशत के रूप में वन आवरण के मामले में, शीर्ष पांच राज्य मिजोरम (84.53त्न), अरुणाचल प्रदेश (79.33त्न), मेघालय (76.00त्न), मणिपुर (74.34त्न) और नगालैंड (73.90त्न) हैं। आज देश में वर्षा के असमान वितरण, सूखे,बाढ़, वनों की अंधाधुंध कटाई, पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों की घटती दिलचस्पी के कारण से धरती की जैव विविधता, पर्यावरण निरंतर गड़बड़ा रहा है। जानकारी देना चाहूंगा कि कटिबंधीय वनों में ही संपूर्ण वनस्पतियों की पचास फीसद वनस्पतियां पाई जाती हैं। ये हमारी प्रकृति के संतुलन को सदैव बनाए रखती हैं। धरती के प्राकृतिक संतुलन को बनाए रखने में मानव से भी ज्यादा भूमिका वन्य प्राणियों और वनस्पतियों की है। इसलिए इनके विलुप्त होने से प्रकृति पर गहरा असर पड़ेगा। एक अन्य आंकड़े के अनुसार धरती पर उन्नीस हजार से ज्यादा पेड़-पौधे विलुप्त होने के कगार पर आ गए हैं। मालूम हो कि ब्राजील में विलुप्तप्राय प्रजातियों की संख्या सबसे अधिक एक हजार सात सौ अट्ठासी दर्ज की गई है। इसमें महोगनी, शीशम जैसी प्रजातियां प्रमुख हैं। वहीं पर वनस्पति विविधता के लिहाज से कहीं कम संपन्न माने जाने वाले यूरोप और उत्तर अमेरिका में भी पेड़ों की कई प्रजातियां खतरे में मिली हैं। कीटों का आतंक और कीटनाशकों का ज्यादा इस्तेमाल इसकी मुख्य वजह बताई गई है। आज विश्व के लगभग लगभग देशों में वनस्पतियों, पेड़-पौधों की अनेक प्रजातियां विलुप्ति के कगार पर हैं, जिनमें ब्राजील, इंडोनेशिया,कोलंबिया, मलेशिया,वेनेजुएला जैसे देश प्रमुखता से शामिल हैं। हालांकि मलेशिया ऐसा देश है जहां लोग वन और वनस्पतियों को लेकर काफी जागरूक हैं और मलेशिया काफी हरा-भरा देश है। बहरहाल, यदि हम यहां वन्यजीवों की बात करें तो एक रिपोर्ट के आंकड़ों के अनुसार भारत में बाइस वन्य जीव व वनस्पति प्रजातियां विलुप्त हो चुकी हैं।

इनमें जीवों की चार व वनस्पतियों की 18 प्रजातियां शामिल हैं। भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण यानी कि बीएसआई द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, पौधों की 18 प्रजातियां - चार बिना फूल वाली और 14 फूल वाली - विलुप्त हो गई हैं। उनमें से उल्लेखनीय हैं लास्ट्रेओप्सिस वाटी , मणिपुर में एक फ़र्न जिसे 1882 में जॉर्ज वाट द्वारा खोजा गया था औरजीनस ओफ़ियोर्रिज़ा ( ओफ़िओर्रिज़ा ब्रूनोनिस , ओफ़ियोरिज़ा कॉर्डेट और ओफ़ियोरिज़ा रेडिकैन) की तीन प्रजातियाँ हैं, जो सभी प्रायद्वीपीय भारत से खोजी गई हैं। कोरिफा टालिएरा रॉक्सब , विलियम रॉक्सबर्ग द्वारा म्यांमार और बंगाल क्षेत्र में खोजी गई एक ताड़ की प्रजाति भी विलुप्त हो चुकी है।स्तनधारियों में चीता(एसिओनिक्स जुबेटस )और सुमात्रन गैंडे (डाइसोरहिनस सुमात्रेंसिसी) को भारत में विलुप्त माना जाता है।सन 1950 के बाद से गुलाबी सिर वाली बत्तख के विलुप्त होने की आशंका है और हिमालयन बटेर को भी आखिरी बार 1876 में रिपोर्ट किया गया था। यहाँ जानकारी देना चाहूंगा कि भारत के मध्यप्रदेश राज्य में स्थित कूनो नेशनल पार्क में प्रोजेक्ट चीता के तहत कुछ समय पहले चीते लाए गए थे। मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में दक्षिण अफ्रीका से आए 12 चीतों का हाल में ही जोरदार स्वागत किया गया था और अब कूनो में बीस चीते हैं। स्वयं भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने नाबिमिया से आए आठ चीतों को 17 सितंबर 2022 को क्वारंटीन बाड़ों में छोड़ा था और इस प्रकार से कूनो की जैव-विविधता को बचाये रखने की दिशा में एक ऐतिहासिक व अभूतपूर्व कार्य किया जा रहा है। चीता भारत से विलुप्त हो गया था लेकिन अब पर्यावरण बचाने के साथ साथ ही चीतों को भारत में पुनर्स्थापित किया गया है, यह पर्यावरण संरक्षण, जीवों के संरक्षण की दिशा में एक बेहद ही महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इन चीतों की वजह से अब टूरिज्म भी तेजी से बढ़ सकेगा। इससे अनेकों प्रकार की आर्थिक गतिविधियां होटल, होमस्टे, रिजॉर्ट आदि को भी बढ़ावा मिलेगा। वर्ष 2023 विश्व वन्य जीव दिवस की थीम %वन्य जीव संरक्षण के लिए साझेदारी% रखी गई है और हमें यह चाहिए कि हम इस थीम को ध्यान में रखते हुए धरती के जीवों, वनस्पतियों के संरक्षण के लिए अपनी कुछ न कुछ साझेदारी, योगदान अवश्य दें। जैव-विविधता हमारी धरती की सबसे जटिल व महत्वपूर्ण विशेषता है। इसके बिना धरती पर जीवन कायम नहीं रह सकता है और जैव-विविधता तभी बनी रहेगी जब हम धरती के जीवों, प्राणियों, पेड़-पौधों, विभिन्न वनस्पतियों के संरक्षण की दिशा में अपना कुछ न कुछ योगदान देंगे। यह जैव विविधता ही है जो हमें पोषण, आवास, ईंधन, कपड़े और बहुत प्रकार के अन्य संसाधन प्रदान करती है। यहाँ जानकारी देता चलूं कि भारत दुनिया के सबसे विविध देशों में से एक है। यह पौधों की प्रजातियों की समृद्धि के मामले में नौवें स्थान पर है। भारत का 23.39% भौगोलिक क्षेत्र वन और वृक्षों से आच्छादित है।केवल 2.4त्न भूमि क्षेत्र के साथ, भारत मानव आबादी के लगभग 18% का समर्थन करते हुए भी दर्ज प्रजातियों का लगभग 7% है। प्रजातियों की समृद्धि के मामले में, भारत स्तनधारियों में सातवें, पक्षियों में नौवें और सरीसृपों के मामले में पांचवें स्थान पर है।कशेरुक समूहों की स्थानिकता के संदर्भ में, भारत का स्थान 69 प्रजातियों के साथ पक्षियों में दसवां , सरीसृपों में कुल 156 प्रजातियों के साथ पांचवां और उभयचरों में 110 प्रजातियों के साथ सातवें स्थान पर है। बस जरूरत है तो बस इन सभी के संरक्षण की। अतः आइए हम पर्यावरण की रक्षा के साथ साथ धरती के सभी जीव-जंतुओं के संरक्षण, उनकी रक्षा के प्रति कृतसंकल्पित होकर कार्य करें।

ई मेल mahalasunil@yahoo.com

## आज का राशिफल

**मेष : (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**-आज आपका दिन सामान्य रहेगा। धनार्जन करने में सफलता निश्चित है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। आय बढ़ेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। आर्थिक स्थिति मध्यम रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। अपने व्यसनों पर नियंत्रण रखते हुए कार्य करना चाहिए। व्यापार में कर्मचारियों पर अधिक विश्वास न करें। खुद के लिए समय निकालें, व्यायाम करें। आराम करें। स्वास्थ्य बेहतर रहेगा।

**वृष : (ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो)**-अपनी बुद्धिमत्ता से आप सही निर्णय लेने में सक्षम होंगे। विकास की योजनाएं बनेंगी। निजीजनों में असंतोष हो सकता है। व्यापार में इच्छित लाभ होगा। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। मान बढ़ेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। परिवर्तनशील मौसम का ध्यान रखें।

**मिथुन : (का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा)**-मेहनत का फल मिलेगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी, प्रसन्नता रहेगी। भूमि, आवास की समस्या रह सकती है। आजीविका में नवीन प्रस्ताव मिलेगा। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। संतान से कष्ट न हो इसलिए संस्कार लाभप्रद रहेंगे। थकान रहेगी, खुद के लिए भी समय निकालना चाहिए।

**कर्क : (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)**-आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। वस्तुएं संभालकर रखें। स्वास्थ्य पर व्यय होगा। विवाद से दूर रहे। यात्रा में अपनी वस्तुओं का ध्यान रखें। कर्म के प्रति पूर्ण समर्पण व उत्साह लाभकारी होगा। अधीनस्थों की ओर ध्यान दें भाग्योदय होगा। बाहर का खाना खाने से बचें।

**सिंह : (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)**-राजकीय सहयोग मिलेगा एवं इस क्षेत्र के व्यक्तियों से संबंध बढ़ेंगे। विद्यार्थियों को प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। व्यापार अच्छा चलेगा। दूसरों से अपेक्षा न करें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। थकान रहेगी। जोखिम न लें। विवाद से दूर रहें। वाणी पर संयम रखें। अनचाहे दोस्त न बनाएँ।

**कन्या (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**-रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। कामकाज में धैर्य रखने से सफलता मिल सकेगी। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर मिलेगा। योजनाएं फलीभूत होंगी। मित्रों में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। स्वास्थ्य की ओर ध्यान दें। नींद व विश्राम को समय दे।

**तुला : (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)**-व्यावसायिक चिंता दूर हो सकेगी। स्वयं के सामर्थ्य से ही भाग्योन्नति के अवसर आएंगे व भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। यात्रा, निवेश व नौकरी मनोनुकूल रहेंगे। जोखिम न लें। योजनाएं फलीभूत होंगी। आराम भरपूर करें।

**वृश्चिक : (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)**-समाज में प्रसिद्धि के कारण सम्मान में बढ़ौत्री होगी। संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी, धनार्जन होगा। आजीविका में नवीन प्रस्ताव मिलेंगे। परिवार की समस्याओं को अनदेखा न करें। बुजुर्गों से आशीर्वाद जरूर लें।

**धनु : (ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)**-वाहन, मशीनरी व अग्नि के प्रयोग में सावधानी रखना आवश्यक है। लेन-देन में सावधानी रखें। विवाद न करें। समय अनुकूल नहीं है। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा, जीवनसाथी खुश है तो धन के योग हैं। कार्यपद्धति में विश्वसनीयता बनाए रखें। सकारात्मक विचारों के कारण प्रगति के योग आएंगे।

**मकर : (भो, जा, जी, खी, खू, खा, खो, गा, गी)**-संतान से मदद मिलेगी। आर्थिक स्थिति में प्रगति की संभावना है। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। राजकीय काम बनेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। चिंता रहेगी, जोखिम न उठाएं। अचानक धन की प्राप्ति के योग हैं। क्रोध एवं उत्तेजना पर संयम रखें नहीं तो स्वास्थ्य पर असर निश्चित है।

**कुंभ : (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)**-नए अनुबंध होंगे। यात्रा, निवेश व नौकरी मनोनुकूल रहेंगे। बेकार के झंझटों में न पड़ें। शत्रु सक्रिय रह सकते हैं सतर्क रहें। कार्य की प्रवृत्ति में यथार्थता व व्यावहारिकता का समावेश आवश्यक है। व्यापार में नई योजनाओं पर कार्य नहीं होंगे। जीवनसाथी का ध्यान रखें। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**मीन : (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)**-आध्यात्म पर ध्यान और विश्वास बढेगा। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। राजकीय बाधा दूर होगी। वरिष्ठजन सहयोग करेंगे। बुद्धि एवं तर्क से कार्य में सफलता के योग बनेंगे। यात्रा कष्टप्रद हो सकती है। अतः उसका परित्याग करें। व्यापार लाभप्रद रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

# यादों में छग के गांधी पवन दीवान

**(पुण्यतिथि पर स्मरण)**

**शंकर पांडे**

घोर अंधेरा भाग रहा है, छत्तीसगढ़ अब जाग रहा है...
खौल रहा नदियों का पानी, खेतों में उग रही जवानी...

छत्तीसगढ़ महतारी की पीड़ा को स्वर देकर छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए कविताओं, जन आंदोलनों के माध्यम से जनचेतना की अलख जगाने वाले पवन दीवान तो राज्य बनने के बाद चले गये पर उनकी एक इच्छा बाकी है वे छत्तीसगढ़ को मां कौशल्या÷ के नाम से पहचाने जाने के लिए अंतिम समय तक प्रयासरत रहे।संत, कवि स्व. पवन दीवान की पीड़ा यही थी कि जब बिहार राज्य की पहचान मां जानकी, ओड़िसा की पहचान भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा और बलराम, उत्तरप्रदेश की पहचान अयोध्या, मथुरा, बनारस, वृंदावन और हरिद्वार की पहचान भगवान शंकर की ससुराल के रूप में होती है तो छत्तीसगढ़ की पहचान मां कौशल्या के नाम पर क्यों नहीं....? छत्तीसगढ़ का गांधी चला गया, पृथक छत्तीसगढ़ का निर्माण तो उनके सामने हो चुका था पर माता कौशल्या (श्रीराम की माता) की पहचान छत्तीसगढ़ की महतारी के रूप में भारत नहीं विश्व में हो यह उनका सपना अभी अधूरा है।हालांकि छ्ग के सीएम भूपेश बघेल ने इसके लिये प्रयास शुरू किया है।संत परंपरा के अनुसार पवन दीवान को राजिम स्थित उनके ब्रह्मचर्य आश्रम में 2 मार्च 2014 को निधन के बाद समाधिस्थ कर दिया गया। वैसे संत महात्मा अपने जीवन काल में सभी इच्छाएं पूरी होने के बाद ही समाधि ले लेते हैं पर संत दीवान ने सपना देखते देखते ही अपना शरीर त्याग दिया था।

माता कौशल्या के विषय में एक बार उन्होंने मुझसे चर्चा करते हुए कहा था कि बाल्मिकी रामायण में उनके विषय में अधिक जानकारी तो नहीं है किंतु जितनी जानकारी है उससे स्पष्ट है कि मां कौशल्या अत्यंत विदुषी और मंत्रिविद थीं उन्हें वेदों का भी इच्छा ज्ञान था। श्रंगी ऋषि को राजा भानूमंत (कौशल्या के पिता) का राज्याश्रय था श्रृंगी ऋषि का आश्रम छ्ग के महानदी के उद्गम स्थल सिहावा के पास ही है। संभवतः कौशल्या की शिक्षा-दीक्षा उन्हीं की देख रेख में हुई थी वनवास जाने के पूर्व माता कौशल्या से जब श्रीराम मिलने पहुंचे थे तब माता की मनोदशा तथा छत्तीसगढ़ की 'महानदी' उल्लेखित उदगार का भी जिक्र दीवानजी ने किया था।

स्थिरं नु हृदयं मछेम मेजरन्त्र दीयर्ते
पावृपीपवा महानद्याः स्पृस्टं मूलं नवांभसा।।

माता कौशल्या ने श्रीराम से उक्त अवसर पर कहा था कि मेरा हृदय कितना कठोर है? तुम्हारे विछोह की बात सुनकर वर्षाकाल के प्रखर जल प्रवाह से टकराते हुए महानदी के कगार की भांति यह हृदय चूर-चूर क्यों नहीं हो जाता। पुत्र विछोह के दारूण दुख से विदीर्ण हृदय की तुलना महानदी की भयंकर बाढ़ से क्षतिग्रस्त कगारों (किनारों) से करना माता कौशल्या के लिए स्वाभाविक भी था। उनका बाल्यकाल और किशोर अवस्था महानदी के तट पर ही गुजरी थी। महानदी से माता कौशल्या का भावनात्मक तथा रागात्मक संबंध था। स्व. पवन दीवान का विचार था कि जब उनके हृदय में पुत्र विछोह (14 साल का बनवास) का दारूण दुख हुआ तो स्वाभाविक तौर पर उन्हें अपने मायके (छत्तीसगढ़) की महानदी की याद आई.... तुलना के लिए उन्हें अन्य नदी नहीं सूझ सकती थी। महर्षि बाल्मिकी के काव्य की यह विशेषता है। उन्होंने माता कौशल्या की मनोदशा को प्रकट करने के लिए बाढग्रस्त महानदी के ढहते कगारों की उपमा चुनी। माता कौशल्या के नाम पर हालांकि पूर्ववर्ती राज्य सरकार ने कौसल्या शोध पीठ की स्थापना, मां



कौशल्या के नाम पर महिला उत्थान के क्षेत्र में कार्यरत महिला को एक लाख की सम्मान निधि देने की घोषणा की थी पर पवन दीवान अपने जीवन के अंतिम समय तक माता कौशल्या का भव्य मंदिर जनसहयोग से बनाने प्रयासरत थे। मूर्ति बनाने का भी आदेश हो गया था पर मूर्ति का भुगतान करने वे जनसहयोग ले रहे थे। वैसे पूर्ववर्ती सरकार ने मंदिर स्थापना की पहल भी उनके समाधिस्थ होने के अवसर पर की थी पर स्थिति जस की तस ही रह। नई सरकार के मुखिया भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ के गांधी कहे जाने वाले भावुक किस्म के राजनेता, फक्कड़ धर्म संस्कृति के अध्येता, कवि संत पवन दीवान की अंतिम इच्छा के अनुसार मां कौशल्या का भव्य मंदिर बनाने की पहल चंदखुरी में तो की है पर महानदी के तट पर राजिम स्थित ब्रम्हचर्य आश्रम जहां पवन दीवान समाधिस्थ हुए थे उसे एक स्मारक के रूप में आकर्षक बनाकर एक छत्तीसगढ़ी तीर्थ के रूप में उसका उन्नयन करना अभी बाकी है ताकि राजिम की त्रिवेणी संगम में आने वाला व्यक्ति संत, कवि तथा राजनेता के संगमरूपी पवन दीवान को भी उनके समाधिस्थल पर आकर याद कर सके...।

बहरहाल आपातकाल के समय स्व. पवन दीवान ने 'पृथक छत्तीसगढ़ पार्टी' से भी रायपुर से चुनाव लड़ा हालांकि उन्हें सफ्लता तो नहीं मिली पर 'पृथक छत्तीसगढ़ राज्य' की अलख जगाने के रोपित बीज में उन्हें जलवर्षा कर उसे अंकुरित होने में योगदान दिया। स्व. खूबचंद बघेल से लेकर स्व. चंदूलाल चंद्राकर के सतत संपर्क में रहकर पृथक छत्तीसगढ़ राज्य के लिए उन्होंने संघर्ष भी किया। उनके बारे में एक नारा भी उछला था।

पवन नहीं वो आंधी है
छत्तीसगढ़ का गांधी है

छत्तीसगढ़ की पीड़ा और लगातार हो रहे शोषण पर अविभाजित म.प्र. के समय उन्होंने जनजागरण तो किया तथा कविता के माध्यम से अपनी

अभिव्यक्ति भी प्रकट की...
छत्तीसगढ़ में सब कुछ है
पर एक कमी है स्वाभिमान की
मुझसे सही नहीं जाती है
ऐसी चुप्पी वर्तमान की।

ऐसा नहीं था कि वे छत्तीसगढ़ की पीड़ा और शोषण से आहत रहा करते थे वे कविता के माध्यम से चेतावनी देने में भी पीछे नहीं रहते थे। छत्तीसगढ़ निर्माण के पूर्व उनकी एक कविता...

घोर अंधेरा भाग रहा है
छत्तीसगढ़ अब जाग रहा है
खौल रहा नदियों का पानी
खेतों में उग रही जवानी
गूंगे जंगल बोल रहे हैं..
पत्थर भी मुंह खोल रहे हैं
धान कटोरा रखने वाले
अब बंदूक तोल रहे हैं...

खैर 2 बार सांसद, एक बार विधायक बनने वाले पवन दीवान की छत्तीसगढ़ बनने के बाद उपेक्षा शुरू हो गई, पं. श्यामाचरण शुक्ल को महासमुंद से प्रत्याशी बनाने के बाद वे स्वयं को राजनीति से पृथक करने लगे हालांकि छत्तीसगढ़ राज्य के लगभग सभी लोकसभा-विधानसभा चुनावों में उनका नाम उछलता तो था पर उन्हें टिकट से वंचित ही रखा गया इसीलिए कांग्रेस-भाजपा में आने-जाने का उनका दौर जारी रहा। मेरा उनसे परिचय पुराना था एक बार जब उन्हें पता चला कि मेरा जन्म फिंगेश्वर (राजिम) में हुआ है तो उन्होंने बताया था कि उनकी प्रारंभिक शिक्षा भी फिंगेश्वर में हुई है इसलिए वे कहा करते थे कि 'मोर गांव के पास ही ते ह जनम ले हस'। बहरहाल जीते जी उन्हें वह मुकाम हासिल नहीं हो सका जिसके वे हकदार थे। छ्ग का माटीपुत्र पहली बार मुख्यमंत्री बना है और उससे पवन दीवान की स्मृति बनाने उचित कदम उठाने की उम्मीद की जा सकती है।

## पतली कमर चाहते हैं ये ट्विस्ट एक्सरसाइज करें

कमर के आस-पास जमा अतिरिक्त चर्बी कम करने के तरीके खोज रहे हैं तो अपनी दिनचर्या में कम कैलोरी युक्त खाद्य पदार्थों के साथ-साथ ट्विस्ट एक्सरसाइज जरूर शामिल करें। ट्विस्ट एक्सरसाइज कमर की कैलोरी को तेजी से जलाने और कोर की मांसपेशियों को मजबूती देने में मदद कर सकती हैं। इसके अतिरिक्त इनसे आकर्षक एब्स भी बन सकते हैं। आइए आज हम आपको 5 ट्विस्ट एक्सरसाइज के बारे में बताते हैं।

**रशियन ट्विस्ट**-सबसे पहले जमीन पर बैठकर पैरों को सामने की ओर खोले और शरीर को सिट-अप की मुद्रा में लाएं। अब पैरों को जमीन से लगभग 6 इंच ऊपर उठाएं और घुटनों को मोड़ें। इसके बाद पेट के सामने दोनों हाथों से मेडिसिन बॉल रखें और अपनी कोहनियों को मोड़ें। पीठ को सीधा रखते हुए मेडिसिन बॉल पकड़कर सबसे पहले बाईं ओर लाएं और फिर से दाईं ओर ले जाएं। इस तरह से एक रेप्स होगा। ऐसे ही 15-20 रेप्स करें।

**क्रिस क्रॉस**-सबसे पहले पीठ के बल लेटकर पैरों को ऊपर उठाएं। अब दोनों हाथों को सिर के पीछे रखते हुए सिर और कंधों को ऊपर उठाएं। इसके बाद दाएं पैर को फैलाएं और साथ ही शरीर के ऊपरी हिस्से को बाईं ओर मोड़ते हुए प्रारंभिक स्थिति में वापस आएं। अब बाएं पैर को फैलाकर शरीर के ऊपरी हिस्से को दाईं ओर मोड़ें और बाएं कोहनी को दाएं घुटने से छूने की कोशिश करें। इसी तरह 10-12 रेप्स करने का प्रयास करें।

**ट्विस्टेड नी प्लैंक** -इस एक्सरसाइज को करने के लिए सबसे पहले अपने शरीर को हाई प्लैंक अवस्था में रखें। अब दाहिने तरह के कूल्हे को फर्श की ओर लाएं और अब सेंटर की तरफ वापस लौट जाएं। इसके बाद दाई कोहनी की ओर बाएं घुटने को खींचे। अब इस अवस्था में कुछ देर के लिए रहें, फिर धीरे-धीरे सामान्य प्लैंक की अवस्था में आ जाएं। अंत में बाई कोहनी की ओर दाएं घुटने को लाएं। इस एक्सरसाइज को 20-30 सेकंड तक दोहराएं।

**रोटेटर डिस्क ट्विस्ट** -इसके लिए सबसे पहले रोटेटर डिस्क को जमीन पर रखें। अब उस पर पैर रखें और घुटनों को थोड़ा मोड़ते हुए हाथों की मुट्ठियां बनाकर उन्हें अपनी छाती के करीब लाएं। यदि आप असंतुलित महसूस कर रहे हैं तो कुर्सी या दीवार के पिछले हिस्से को पकड़ें। इसके बाद पैरों को पहले दाईं ओर फिर बाईं ओर घुमाएं।

## एक नजर

### नगर साहू संघ की ओर से राजिम मेला में भंडारा के सफल आयोजन के लिए समिति अध्यक्ष का सम्मान



**राजिम,2 मार्च।** महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के माननीय सांसद चुन्नीलाल साहू छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू एवं समिति के संरक्षक डॉ रामकुमार साहू डॉ महेंद्र साहू के मार्गदर्शन में एवं समिति के अध्यक्ष लाला साहू के नेतृत्व में साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति द्वारा राजिम माघी पुन्नी मेला 5 फरवरी से लेकर 18 फरवरी 2023 महाशिवरात्रि तक राजिम भक्तिन माता भोग भंडारा का आयोजन किया गया था। साहू समाज एवं सर्व समाज के सहयोग से यह आयोजन सफल रहा। समिति के अध्यक्ष लाला साहू कोषाध्यक्ष भोले साहू महासचिव श्याम साहू महामंत्री रामकुमार साहू संयुक्त सचिव राजू साहू तरुण साहू का आज नगर साहू संघ राजिम के अध्यक्ष भवानी शंकर साहू एवं पूर्व अध्यक्ष टीकम साहू कहार भोई समाज के प्रमुख बिसौहा कहार द्वारा गुलाल श्रीफल एवं साल भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर बन्धु साहू रितेश यादव सरवन यादव मंगल बंजारे संजय साहू गोलू साहू उमेन्द्र धीवर संतोष धीवर गनेशु ध्रुव बिल्लू महिलांग विशेष रूप से उपस्थित थे। विदित हो कि साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति द्वारा मेले में आए हुए हजारों दर्शनार्थियों के लिए प्रतिदिन चावल एवं छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध व्यंजन कड़ही सब्जी परोसा गया। इस आयोजन से मेले में आए हुए हजारों लोग भोग भंडारा में प्रसाद ग्रहण किए । और इस आयोजन में सर्व समाज का सहयोग रहा । इस प्रकार के आयोजन से सर्व समाज में सामाजिक समरसता का भाव प्रगाढ़ हुआ। साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के प्रयास से सर्व समाज के लोग इस आयोजन में शामिल हुए। समिति द्वारा जनकल्याण कार्य कर सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया जिसका समाज के सभी तबके के लोग भूरी भूरी प्रशंसा कर रहे हैं।

### भामाशाह साहू सद्भाव समिति को मिला राज्य स्तरीय पुरस्कार



**राजिम,2 मार्च।** साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ राज्य के बैनर तले धमतरी के बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर भवन में प्रादेशिक सम्यक प्रबोधन एवं संत श्री गाडगे महाराज जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के जाने-माने नाचा कार्यक्रम पदम श्री डोमार सिंह कुंवर एवं अध्यक्षता सहायक अध्यापक देवेंद्र सिंहसार ठाकुर भाव सिंह कला एवं विज्ञान महाविद्यालय नरहरपुर जिला उत्तर बस्तर रहे विशेष अतिथि के रूप में श्रीमती सुशीला देवी बाल्मीकि एवं जी आर बंजारे ज्वाला की गरिमामय उपस्थिति रही कार्यक्रम में समूचा छत्तीसगढ़ प्रदेश से अलग-अलग क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को अवार्ड से नवाजा गया जिसमें गोबरा नवापारा से भामाशाह साहू सद्भाव समिति स्वयंसेवी पंजीकृत संस्था को रचनात्मक एवं उत्कृष्ट कार्य करने के लिए डॉक्टर खूबचंद बघेल समाज वीर अवार्ड से नवाजा गया भामाशाह साहू सद्भाव समिति से अध्यक्ष मोहनलाल मानिकपन एवं सचिव डॉक्टर रमेश कुमार सोनसायटी को अवार्ड प्रदान किया गया कार्यक्रम में योगेश कुमार बढ़ाई प्रकाश धृतलहरे सोनू कश्यप प्रोफ़ेसर के मुरारी दास डॉ जगन्नाथ बघेल डॉ राजकुमार टंडन एम एल चेलक प्रेम सायमन भागेश्वर पात्र बलदेव राम अवतार सिन्हा कमल किशोर ताम्रकार लक्ष्मीनाथ नवापारा कॉलेज की गरिमामय उपस्थिति रही।

### 12 वीं बोर्ड के विशिष्ट हिन्दी परीक्षा संपन्न

**रायगढ़, 2 मार्च।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा-2023 कक्षा 12 वीं बोर्ड परीक्षा के तहत 1 मार्च को विशिष्ट हिन्दी की परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें रायगढ़ एवं जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ को मिलाकर 17 हजार 271 परीक्षार्थी संख्या दर्ज की गई थी। जिसके लिए 138 परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे। जिसमें से 16 हजार 709 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई। 562 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

# भाजयुमो ने फूंका सीएम का पुतला, जताया विरोध



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**महासमुंद,2 मार्च।** भाजयुमो प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर भाजयुमो महासमुंद ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का फूंका पुतला। सूरजपुर में भाजयुमो अध्यक्ष के ऊपर रेत माफियाओं द्वारा जान लेवा हमला किया गया, जिसके विरोध में पूरे छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के खिलाफ पुतला दहन किया गया।ज्ञात हो सूरजपुर में अवैध रेत खनन के विरोध कर रहे युवा मोर्चा के पदाधिकारी को ट्रक से कुचल कर हत्या करने का कुत्सित प्रयास किया गया। कांग्रेस सरकार से संरक्षित और पोषित अपराधियों के हौसले बुलंद है, प्रदेश में हत्या, लूट, डकैती, अवैध कब्जा, अवैध शराब ,अवैध खनन, नकबजनी आम बात हो गई है। अपराधी बेखौफ होकर कांग्रेस सरकार के संरक्षण में अपराध किए जा रहे, जिसके खिलाफ भाजयुमो ने पुतला दहन कर विरोध किया। पुतला दहन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष श्याम सरकार, भाजयुमो जिला सह प्रभारी सिद्धांत शर्मा, भाजयुमो जिला महामंत्री दिनेश रुपरेला, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू, जनपद सभापति दिग्विजय साहू, भाजपा जिला सहकारिता प्रकोष्ठ देवेंद्र चंद्राकर, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष नंदू जलक्षत्री, भाजयुमो महांत्री अमन वर्मा, पिछड़ा मोर्चा मंडल अध्यक्ष गोपी कन्नोजे, अमित साहू, सोनाधार सोनवानी, विक्की गुरुदत्ता, दीपक राव, सुधा साहू, हेमलता यादव, भगवती करकशे, हेमकांती देवांगन, मधु यादव, सुरेखा कंवर, हुलसी चंद्राकर एवम भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कांग्रेस शासन के 4 सालों में छत्तीसगढ़ बना भ्रष्टाचार गढ़:राकेश

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश महामंत्री राकेश चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने चार सालों में छत्तीसगढ़ को भ्रष्टाचार और माफिया का गढ़ बना दिया है। न गांव में विकास के कोई काम हो रहें हैं, और न शहर में। महिलाओं का रोजगार छीन लिया गया है। युवाओं के रोजगार के अवसर बंद कर दिए गए हैं।

राकेश चंद्राकर ने कहा कि शासन का अपने ही विभाग पर अंकुश नहीं है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना जैसे पुनित कार्य में भी अधिकारी फर्जीवाड़ा करने से पीछे नहीं हट रहे। वैवाहिक कार्यक्रम में उपहार के लिए निम्न गुणवत्ता के सामानों की खरीदी कर लाखों का भ्रष्टाचार किया गया है। कमिशन का खेल चल रहा है। छोटे से बड़े स्तर के अधिकारी सभी भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे हुए हैं। इस पर भूपेश सरकार का कोई अंकुश नहीं है।प्रदेश महामंत्री श्री चंद्राकर ने छग सरकार द्वारा किए वादाखिलाफी पर कहा कि इस सरकार ने शराब बंदी का झूठा वादा कर महिलाओं के साथ प्रदेश की जनता को छलने का काम किया है। स्व-सहायता समूह की महिलाओं से उनका रोजी रोजगार छीन लिया है। आज पूरे प्रदेश में महिलाओं के साथ अपराधिक कृत्य, प्रताड़ना और दुर्व्यवहार चरम पर है। ऐसे मुददों के साथ महिलाओं को लेकर भाजपा लगातार कांग्रेस सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद कर रही है।चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने 4 वर्ष के कार्यकाल में एक भी वादा पूरा नहीं किया। जबकि, जनता को विश्वास दिलाने ये लोग गंगाजल लेकर भी कसमें खा चुके हैं। राज्य सरकार ने अपने चुनावी घोषणापत्र में रोजगार का वादा किया, पर किसी को रोजगार नहीं मिली। शराबबंदी का वादा भी नहीं निभाया। महिला स्व-सहायता समूहों का कर्ज माफ नहीं हुआ। बुजुर्गों का पेंशन तक नहीं बढ़ाया गया, वे 6-6 महीने तक पेंशन के लिए भटकने को मजबूर हैं।

# सोनतीर्थ घाट में गंदगी के चलते नाक बंद कर नहाने को विवश हैं श्रद्धालु



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम,2 मार्च।** देश के प्रसिद्ध त्रिवेणी संगम राजिम के सोन तीर्थ घाट में साफ पानी जिला प्रशासन मुहैया नहीं करा पा रहे हैं जिनके चलते आम श्रद्धालुओं को गंदे पानी में ही नहाने के अलावा सारे कृत्य करने के लिए मजबूर है। बता देना जरूरी है कि त्रिवेणी संगम में तीन नदियों का संगम है और यहां स्नान दान आदि सारे कृत्य करने के लिए देशभर से लोग पहुंचते हैं कभी-कभी तो विदेश से भी लोग अपने पूर्वजों के पिंडदान के लिए पहुंच जाते हैं लेकिन यहां के संगम में गंदगी को देखकर बड़ी शर्मिंदगी होती है वह प्रशासन को कोसते रहते हैं। माघी पुन्नी मेला में पूरे 15 दिनों तक जिला प्रशासन के द्वारा नदी की साफ सफाई के अलावा पूरी मेला की व्यवस्था किया गया था लेकिन सोन तीर्थ घाट पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। तब से लेकर अब तक गंदगी देखी जा रही है। क्योंकि पानी कम है और कम पानी में नहाने से अंदर जो जमा कचर हैं वह बाहर निकल आता है सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि आज देखा गया कि कुछ महिलाएं अपने हाथों में स्टील के पात्र लेकर पानी के अंदर डूबते और वहां से रेत व मिट्टी को निकालते थे और उसमें सोना चांदी तथा रुपया पैसा ढूंढ रहे थे इससे उस घाट के पानी गंदा हो रहे थे लेकिन वही बाहर से आए हुए श्रद्धालु कुछ नहीं कह पा रहे थे वह मजबूरी में गंदे पानी में ही स्नान कर रहे थे। घाट के दोनों किनारे एवं सिढ़ी पर कपड़ों का ढेर लग गया है। अस्थि विसर्जन कृत्य करने के लिए पंडितों द्वारा सोन तीर्थ घाट पर बड़ी संख्या में यह कृत्य करवाया जाता है स्नान उपरांत यजमान यहीं पर कपड़े छोड़ जाते हैं जिसके कारण लगातार कपड़ों की संख्या बढ़ती जा रही है और देखते ही देखते ढेरी लग गया है साफ सफाई पर स्थानीय प्रशासन ध्यान नहीं दे रहे हैं लेकिन स्थानीय पंडितों को इस बात का ध्यान रखना चाहिए परंतु वह भी अपने कमाई के चक्कर में साफ सफाई पर ध्यान नहीं दे रहे हैं जिसके कारण यह स्थिति निर्मित हो रही है कुछ लोगों ने यही बात बताई।

### सोन तीर्थ घाट में स्नान का फल सोना दान करने के समान

सोन तीर्थ घाट में स्नान करने और सोना दान करने के बराबर फल मिलता है ऐसी प्राचीन मान्यता है जिसके चलते अनुष्ठान के सारे कृत्य यही प्रक्रिया किया जाता है वैसे त्रिवेणी संगम में अलग-अलग 5 से 6 घाट है इनमें से सबसे ज्यादा शहर के सोन तीर्थ घाट एवं नवापारा नगर के नेहरू घाट पर अस्थि विसर्जन का कार्य ज्यादा संख्या में किया जाता है। इन घाटों की साफ-सफाई नहीं होने से श्रद्धालुओं को तकलीफ हो रही है दोनों शहर अलग-अलग जिला में है राजिम गरियाबंद एवं नवापारा रायपुर जिला में स्थित है जिसके कारण अलग-अलग जिला प्रशासन विद्यमान है और दोनों जिला प्रशासन के उदासीनता के चलते श्रद्धालुओं को परेशानी हो रही है।

### अभिलेख दुरुस्ती और नक्शा बटांकन में लाएं तेजी: डॉ अलंग

**रायगढ़, 2 मार्च।** तहसील कार्यालयों में प्रकरणों के निराकरण के बाद अभिलेख शुद्धता का कार्य तत्काल पूरा कर लिया जाए। नक्शा बटांकन के काम में भी सभी अधिकारी तेजी लाएं। जिससे पक्षकारों को सुविधा होगी, साथ ही राजस्व से जुड़े मामलों के निराकरण भी आसान होंगे। उक्त निर्देश संभागायुक्त डॉ.संजय अलंग ने आज पुसौर में सभी राजस्व अधिकारियों को दिए। संभागायुक्त डॉ.अलंग आज रायगढ़ जिले के प्रवास पर रहे है। उन्होंने पुसौर तहसील कार्यालय के विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया साथ ही जिले के सभी राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा भी साथ रहे।संभागायुक्त डॉ.अलंग ने तहसील कार्यालय में विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने तहसीलदार न्यायालय में सीमांकन व बटांकन के प्रकरणों के ऑर्डरशीट का अवलोकन किया। उन्होंने प्रकरण में आदेश पारित होने पर लैंड रिकॉर्ड परिवर्तन के पश्चात भू-अभिलेख अपडेट किए जाने की भी जांच की। डायवर्सन के मामलों के बारे में भी उन्होंने शाखा प्रभारी से जानकारी ली।

# वर्गीकरण एवं गोसवारा का कार्य एक सप्ताह में करें पूर्ण:संभागायुक्त



**रायगढ़, 2 मार्च।** संभागायुक्त डॉ.संजय अलंग रायगढ़ जिले के दो दिवसीय दौरे पर है, इस दौरान उन्होंने पुसौर एवं रायगढ़ तहसील कार्यालय निरीक्षण के साथ ही राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। तत्पश्चात संभागायुक्त डॉ.अलंग सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग कार्यालय, रायगढ़ के निरीक्षण में पहुंचे। इस मौके पर कलेक्टर श्री सिन्हा एवं जिला पंचायत सीईओ श्री अबिनाश मिश्रा भी उपस्थित रहे।

संभागायुक्त डॉ.संजय अलंग वन अधिकार शाखा, योजना अनुदान, देवगुड़ी, कैश, स्टॉक पंजी, छात्रावास, छात्रवृत्ति, स्थापना एवं सर्विस बुक शाखा का निरीक्षण किया। उन्होंने वन अधिकार पत्र की अद्यतन प्रगति की जानकारी ली। सहायक आयुक्त आदिवासी श्री अविनाश श्रीवास ने कहा कि तैयार किए गए वन अधिकार पत्र वितरित किए जा रहे हैं। इस दौरान उन्होंने योजना अनुदान शाखा के पंजी आडिट के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सहायक आयुक्त आदिवासी को वर्गीकरण एवं गोसवारा बनाने के निर्देश दिए, उन्होंने कहा कि वर्गीकरण का कार्य एक सप्ताह में किया जाए। इससे विभाग को विभिन्न मदों की प्राप्त राशि की व्यय संकलन में आसानी होगी। इनके साथ ही उन्होंने छात्रवृत्ति एवं जवाहर उत्कर्ष योजना की जानकारी ली। छात्रवृत्ति शाखा प्रभारी द्वारा बताया गया कि ऑनलाइन, ऑफलाइन दोनों माध्यमों से छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। इसके साथ ही उन्होंने जवाहर उत्कर्ष योजना के संबंध में जानकारी देते हुए लाभान्वित बच्चों की सूची प्रदान की। संभागायुक्त डॉ.अलंग शाखाओं के कार्य प्रक्रिया की जानकारी ली एवं कार्यों को बेहतर ढंग से करने के निर्देश दिए। इस मौके पर अपर कलेक्टर श्री राजीव पाण्डेय, उपायुक्त श्री अखिलेश साहू, एसडीएम रायगढ़ श्री गगन शर्मा सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# संत के ब्रह्मचर्य आश्रम में अनुयायियों को साधने की कोशिश



**राजिम,2 मार्च।** सत्ता चाहे कांग्रेस की रही हो या भाजपा की एक समय ऐसा भी था जब सत्ता के गलियारो में छत्तीसगढ़ के गांधी के रूप मे चर्चित सुविख्यात भगवताचार्य ब्रह्मलीन संत कवि पवन दीवान की तूती बोलती थी, राजिम स्थित उनके ब्रह्मचर्य आश्रम में उनसे मुलाकात के लिए एडी -चोटी की मशक्कत करनी पडती थी। घंटों बाट जोहना पड़ता था ।उन्होंने अपनी दबंग सिफारिशों से राजनीति में अनेक नेता पैदा किये, अपनी संसदीय कार्यकाल के दौरान कईयों को विधानसभा के टिकट दिलवा छत्तीसगढ़ की राजनीति में स्थापित किए जो आज भी सत्ता संगठन के अहम ओहदो पर विराजमान है। विभिन्न चुनावों में स्टार प्रचारक के रूप में उन्होंने अपने ओजस्वी भाषण शैली के माध्यम से अनेक नेताओं की डूबती नैय्या पार लगाने में महती भूमिका निभाने वाले संत दीवान को अपने क्षेत्र की चुनावी सभाओ में ले जाने के लिए नेताओं में होड मची रहती थी।

लेकिन संत पवन दीवान के समाधिलीन होते ही नेताओं का ब्रह्मचर्य आश्रम के प्रति नजरिया ही बदल गया। आज संतश्री जी को समाधिलीन हुये लगभग आठ वर्ष हो गये। इस बीच उनकी कई प्राकट्य दिवस और पुण्य तिथियां निकल गई। कांग्रेस भाजपा के कई राजनेता मंत्री आये गये पर किसी ने ब्रह्मचर्य आश्रम पहुंच उनकी समाधि पर श्रद्धा सुमन के दो पुष्प अर्पित करना तो दूर आश्रम की ओर झांकना भी मुनासिब नही समझा। 60 - 70 के दशक के मई -जून की भरी तपती दोपहरी में छत्तीसगढ़ की गली - कूचो महज पाटा पहने पैदल घूम -घूम कर ÷पृथक छत्तीसगढ़ राज आन्दोलन की अलख जगाने वाले छत्तीसगढ़ महतारी के इस भागीरथी ,लाडले सपूत की स्वर्णिम स्मृतियों को इतनी आसानी से भुला जायेगा इसकी कल्पना शायद किसी ने भी नही की थी।ऐसे छत्तीसगढ़ कांग्रेस की राजनीति में एक मजबूत स्तंभ के रूप में स्थापित हो चुके कद्दावर आदिवासी नेता, कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम ने अपने राजिम माघी पुन्नी मेला के राजिम प्रवास के दौरान अचानक बिना किसी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के संत पवन दीवान की समाधि में पहुंच श्रद्धा सुमन कर सब को चौका दिया।मरकाम ने भले ही यह अपनी सहजता व सहृदयता के चलते किया हो लेकिन सियासी गलियारे में हलचल मची हुई हैं सियासी पण्डित व लोग अपने अपने हिसाब से अटकले लगा रहे है यह बात किसी से छिपी नही है कि संत पवन दीवान ने अपनी भगवत कथाओं और साहित्यिक गतिविधियों के माध्यम से समूचे छत्तीसगढ़ अंचल में अपने पीछे वर्ग जाति बंधन से मुक्त अनुयायियों का एक भारी भरकम हूजूम छोड गये है। खास कर कवर्धा, राजनांदगांव, दुर्ग, बालोद, धमतरी , महासमुंद, गरियाबंद, रायपुर, बलौदाबाजार,कांकेर, बिलासपुर, मुंगेली, बेमेतरा कोरबा जांजगीर चांपा आदि जिलो के जनमानस से अपने कथा प्रवचनो के माध्यम से निरंतर संबद्ध रहे ।ऐसे में ठीक मिशन 2023 के कुछ महिने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के ब्रह्मचर्य आश्रम में आगमन को लेकर राजनीति के जानकारों का मानना है कि ब्रह्मचर्य आश्रम में पीसीसी चीफ मरकाम की आमद एक सधी हुई रणनीति का हिस्सा हो सकता हैं संभवतः वे अपनी आमद के माध्यम से समूचे छत्तीसगढ़ अंचल में फैले हुये संत -कवि दीवान के अनुयायियों, ब्रह्मचर्य आश्रम से धार्मिक अनुष्ठानों, कर्मकाण्डों में परांगत हो हजारों की तादात में निकले पंडितों के साथ मौजूदा समय में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय व स्थापित संत दीवान से शिष्य के रूप में संबद्ध रहे भगवताचार्यो और कथाकारो के एक बड़े वर्ग को साधने की कोशिशो के बीच संत समर्थकों को यह संदेश देने में पूरी तरह सफल रहे कि सत्ता के चकाचौंधों ,से परे आज भी छत्तीसगढ़ महतारी के इस लाडले माटी- पुत्र के कृतित्व और स्मृतियों की सुध लेने वाला भी कोई हैं ।

## समाचार संक्षेप

### 1 से 15 मार्च तक मिशन परिवार विकास पखवाड़ा का होगा आयोजन

**रायगढ़, 2 मार्च।** कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा के दिशा-निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ. मधुलिका सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में परिवार कल्याण कार्यक्रम अंतर्गत मिशन परिवार विकास तहत जिले में सकल प्रजनन दर कम करने हेतु भारत सरकार के दिशा-निर्देशानुसार 1 से 15 मार्च 2023 तक मिशन परिवार विकास पखवाड़ा आयोजित किया जाना हैं। मिशन परिवार विकास पखवाड़ा के दौरान जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा जैसा ही गतिविधियां आयोजित की जा रही है। जिसमें दंपत्ति संपर्क पखवाड़ा-01 से 07 मार्च तक एवं सेवाप्रदायगी-7 से 15 मार्च तक आयोजित होगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर ने आज मिशन परिवार विकास पखवाड़ा रथ को हरी झंडी दिखाकर प्रत्येक विकासखंड के लिये रवाना किया। इस मौके पर जिला मलेरिया अधिकारी डॉ.टी.जी.कुलवेदी, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.भानु पटेल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैकरा एवं श्रीमती उमा महंत उपस्थित रहे।



### कृषि विज्ञान केंद्र रायगढ़ में किसानों ने देखा पीएम किसान सम्मान निधि कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

**रायगढ़, 2 मार्च।** कृषि विज्ञान केंद्र, रायगढ़ में देश के प्रधानमंत्री महोदय जी द्वारा किसान सम्मान निधि कार्यक्रम का सीधा प्रसारण लगभग 40 किसानों एवं विद्यार्थियो ने देखा, जिसमें प्रधानमंत्री ने कर्णाटक दौरे के दौरान 13 वें किश्त जारी किये। इस कार्यक्रम में ऑनलाइन रूप से रायगढ़ लोकसभा के सांसद श्रीमती गोमती साय मुख्य अतिथि के रूप में जुडी हुई थी। कार्यक्रम में केंद्र के सभागार में कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.अजित कुमार सिंह, केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ.बी.एस.राजपूत के साथ-साथ वैज्ञानिक डॉ.मनीषा चौधरी, डॉ कलेश कुमार पैंकरा, डॉ.के.डी.महंत, डॉ.बंजारा,डॉ पटेल एवं केंद्र के अन्य स्टाफ मौजूद रहे। अधिष्ठाता डॉ अजित कुमार सिह ने कहा कि इस राशि से किसान खेती कि तैयारी कर सकते है। साथ ही केंद्र के प्रमुख डॉ.राजपूत ने कहा कि किसान कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों के सलाह से खेती कि तैयारी करें एवं नवीन तकनीकों को अपनाये।

### राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा की गई



**रायगढ़, 2 मार्च।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में आज जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ.टी.जी.कुलवेदी द्वारा समस्त लेप्रोसी ब्लाक नोडल अधिकारी, एनएमए एवं प्रभारी एनएमए का मासिक समीक्षा बैठक लिया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जिले का पी.आर एक से कम केसे करें इसके लिये समस्त विकासखंड से एक सप्ताह के भीतर प्रोजेक्ट बनाकर जमा करने हेतु कहा गया। साथ ही विकासखंड में आर.एच.ओ पुरूष/महिला के साथ टीम बनाकर कार्य करने हेतु निर्देश दिया गया। कुष्ठ रोग के नये निकले रोगियों के परिवार एवं उसके पड़ोसियों को सिंगल खुराक रिफाम्पसीन कैप्सुल खिलाने हेतु निर्देश दिया गया।

### बालिका का अपहरण कर अनाचार,आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 2 मार्च।** भिलाई बालिका का अपहरण करने वाले को जीआरपी चरोदा ने खोज निकाला है। आरोपी के खिलाफ परिजनों की शिकायत पर धारा 363, 376, पाक्सों के तहत कार्रवाई किया है चरोदा जीआरपी चौकी प्रभारी महेन्द्र प्रसाद पांडे ने बताया कि बालिका के लापता होने के बाद संदेही आरोपी ऋतिक गोंडाने 22 वर्ष के मोबाइल टॉवर लोकेशन के आधार पर गोंदिया आमगांव में होने की जानकारी मिली। अपहृत बालिका को आरोपी के पास से बरामद किया। आरोपी ने बालिका को शादी का प्रलोभन देकर उसे बहला फुसला कर अपने साथ लेकर गया था। बालिका के साथ आरोपी ने अनाचार किया। भगा ले जाकर बालिका के साथ शरारिक संबंध बनाया है। उक्त कार्रवाई में प्रधान आरक्षक इजुलिश तिग्गा, महिला आरक्षक रामदुलारी, आर. विष्णु सुमन, राकेश, गिरधर लहरे, रामलाल यादव शामिल थे।

### महिला से दुष्कर्म, आरोपी पकड़ा गया

**भिलाई, 2 मार्च।** भिलाई शादी का प्रलोभन देकर विवाहिता से पांच सालों से अनाचार करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है नेवई टीआई ममता अली शर्मा ने बताया कि 50 वर्षीय विवाहिता को अवधपुरी रिसाली निवासी रमेश श्रीवास्तव ने शादी का झांसा देकर अनाचार किया। महिला की पहली मुलाकात मैत्री गार्डन में हुआ। वर्ष 2018 में जहां स्कूली छात्र-छात्राओ का मिलन समारोह था। स्कूल में पीड़िता का आरोपी रमेश श्रीवास्तव सीनियर था महिला पति से 6 साल से अलग रहती है उसके दो बच्चे भी है इसी का फायदा उठाकर आरोपी रमेश श्रीवास्तव ने महिला से बाचचीत करना शुरु किया। उसके बाद 10 मई 2019 को रमेश ने महिला को अपने घर लेकर गया। जहां उसके साथ जबरन अनाचार किया। पांच साल बीतने के बाद भी आरोपी रमेश ने महिला से शादी नहीं किया। बल्कि आरोपी रमेश श्रीवास्तव ने 25 फरवरी को शादी करने का झांसा देकर राधिका नगर मंदिर लेकर गया। जहां से बिना शादी कर फरार हो गया। महिला के समझाने के बाद भी आरोपी शादी करने से इंकार कर दिया आरोपी आर्केस्ट्र इवेंट में सिगिंग का काम करता है।

### तीन लोग गांजा सहित दबोचे गए



**भिलाई, 2 मार्च।** भिलाई समता एक्सप्रेस ट्रेन की एसी बोगी से एक महिला समेत तीन लोगों को पुलिस ने गांजा के साथ गिरफ्तार किया है आरोपी तीन सूटकेस में 60 किलो गांजा भर कर ओडिशा से दिल्ली से जा रहे थे पुलिस ने आरोपी प्रवीण कुमार, फहीम और बेबी सोनी को गिरफ्तार किया आरोपियों के पास बरामद 60 किलो गांजा को जब्त किया गया दुर्ग जीआरपी चौकी प्रभारी भोलानाथ मिश्रा ने बताया कि समता एक्सप्रेस के एसी बोगी में गांजे ले जाने की सूचना मिली रात 8ः20 बजे समता एक्सप्रेस दुर्ग स्टेशन में रुकी।

टीम के साथ एसीबी 4 योगी की सीट 58, 59, 61 के नीचे तीन सूटकेस रखी थी। पूछने पर कोई जवाब नहीं मिला। यात्रियों से पूछताछ करने पर पता चला एक महिला और दो पुरुष बैठे थे उन्हीं का है तीनों से अलग-अलग पूछताछ करने पर मामला खुला दिल्ली राजीव गांधी शहादरा निवासी आरोपी महिला येथी सोनी ( 35 वर्ष ) ने बताया कि प्रवीण और फहीम उसे ओडिशा ले गए थे वहां से तीन महंगे सूटकेस में गांजा भरा

# डॉ खूबचंद स्वास्थ्य सहायता योजना और आयुष्मान भारत योजना से शासकीय अस्पतालों के आय में वृद्धि

## अब तक जिले के शासकीय अस्पतालों को मिली 2.5 करोड़ रुपये से अधिक की राशि

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बलौदाबाजार, 2 मार्च।** शासन की महत्वकांक्षी की योजना डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना एवं आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत जिले में हितग्राहियों को निः शुल्क स्वास्थ्य सुविधा का लाभ पंजीकृत शासकीय एवं निजी चिकित्सालयों में मिल रहा है। साथ ही इस योजना से शासकीय अस्पतालों के आय में भी लगातार वृद्धि हो रही है। वर्ष 2022-23 में जिले के केवल शासकीय अस्पतालों में 32 हजार से अधिक क्लेम किये गये है, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष 10 हजार क्लेम अधिक किये गए है। शासकीय अस्पताल में क्लेमों की संख्या की वृद्धि से अस्पतालों की आय में भी निरंतर वृद्धि हो रही है। योजना के नियमानुसार किये गए क्लेम से प्राप्त राशि का 15 प्रतिशत राशि शासकीय अस्पतालों को प्रदाय किया जाता है। इस वर्ष 2022-23 में जिले के शासकीय अस्पतालों को 2.5 करोड़ से अधिक राशि प्राप्त हुई है। जिसमें जिला चिकित्सालय को 60 लाख से अधिक राशि मिली है। इस राशि का उपयोग अस्पताल के उन्नयन, मानव संसाधन, आवश्यक दवाईयॉ एवं मेडिकल उपकरण हेतु व्यय किया गया है। जिससे मरीजों को अधिक से अधिक सुविधा मिल सके। इसी प्रकार जिले के 6 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को लगभग 1 करोड़ रूपये प्राप्त हुए है एवं 21 पंजीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो कों लगभग 90 लाख रूपये प्राप्त हुए है। जिनका उपयोग शासकीय चिकित्सालयों के उन्नयन, मानव संसाधन, अस्पताल मेंन्टनेंस, मरीजों का भोजन, आवश्यक दवाईयॉ एवं मेडिकल उपकरण आदि में व्यय किए जा रहे है। योजना के माध्यम से जिले के सभी शासकीय चिकित्सालयों में अस्पताल प्रबंधन एवं मरीजों की सुविधाओं में वृद्धि का कार्य सुचारू रूप से संपन्न किया जा है। कलेक्टर बंसल ने जिलेवासियों से अधिक से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाने व आवश्यकता पड़ने पर पंजीकृत चिकित्सालयों किये जाने की अपील की गई है।

### महिला स्व सहायता समूहों को स्वरोजगार से जोड़ने 11.90 लाख ऋण राशि स्वीकृत

कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश पर स्व सहायता समूह की महिलाओं को स्वयं के स्व रोजगार स्थापित करने के लिए छत्तीसगढ़ महिला कोष के तहत् ऋण योजना एवं सक्षम योजना अंतर्गत 11.90 लाख स्वीकृत किया गया। उक्त ऋण राशि 19 महिला स्व सहायता समूह एवं 2 विधवा महिलाओं का राशि स्वीकृत किया गया। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ महिला कोष के तहत् ऋण योजना अंतर्गत महिला स्व सहायता समूहों को आसान शर्तो पर ऋण उपलब्ध कराने के लिए महिला समूहों को प्रथम बार में 02 लाख रूपये अधिकतम तथा उक्त राशि ब्याज सहित समय पर चुकता होने पर द्वितीय बार में 04 लाख रूपये अधिकतम ऋण राशि आसान किश्तों पर 03 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज पर दिया जाता है। हैण्डवॉश निर्माण, फिनाईल निर्माण, जैविक खाद निर्माण, सब्जी बाड़ी, कृषि कार्य, मुर्गीपालन, बकरीपालन, कपड़ा बुनकर, रूई बत्ती निर्माण आदि कार्यो हेतु महिला स्व सहायता समूहों का ऋण स्वीकृत किया गया है। जिसमें छत्तीसगढ़ महिला कोष के तहत् ऋण योजना अंतर्गत लाभान्वित स्व सहायता समूहो में ज्योति स्व सहायता समूह खैरताल, मां गायत्री स्व सहायता समूह खैरताल, कुमकुम स्व सहायता समूह भद्रापाली, जय अम्बे स्व सहायता समूह शुक्लाभाठा, परमेश्वरी महिला स्व सहायता समूह डमरू, जागृति स्व सहायता समूह भंवरगढ़, जय सतनाम स्व सहायता समूह पड़कीडीह, जय मां वैष्णो देवी स्व सहायता समूह मरदा अर्जुनी शामिल है।

## एक नजर

### डीईओ ने तीन शिक्षकों को किया निलंबित

**तिल्दा-नेवरा, 2 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला शिक्षा अधिकारी ने तिल्दा शिक्षा विभाग के तीन टीचर को स्कूलों में अनिमितताओं को लेकर कार्यवाही की है। इन को सस्पेंड किया गया है वैसे देखा जाए तो विकास खंड के अंतर्गत अनेकों शिक्षा केंद्र का बुरा हाल है। दर्जनों स्कूलों में टीचर शराब पीकर आते है कई टीचर स्कूलों में मध्यान्ह भोजन का संचालन कर अनिमितये कर रही है।

### तिल्दा-नेवरा में राजस्व शिविर का आयोजन

**तिल्दा-नेवरा, 2 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कार्यालय कलेक्टर भू अभिलेख शाखा रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा राजस्व प्रकरण नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, विवर्तन, किसान किताब, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रकरणों के निराकरण हेतु तहसील कार्यालय तिल्दा में 25 मार्च को सुबह 10 :30 बजे से शाम 5 :00 बजे तक राजस्व शिविर का आयोजन किया गया है जिसमे संबंधित अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी उपस्थित रहकर राजस्व प्रकरणों का निराकरण करेंगे। उपरोक्त जानकारी तिल्दा के एस डी एम प्रकाश टंडन ने दिया है।

### आपदा पीड़ित 4 परिवारों को 16 लाख की सहायता

**बलौदाबाजार, 2 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्राकृतिक आपदा से मृत 4 लोगों के निकट परिजनों के लिए 16 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर रजत बंसल ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत 28 फरवरी एवं 1 मार्च 2023 को ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लाभान्वित हितग्राहियों में शत्रुहन लाल कर्ष पिता छेदूराम, निवासी ग्राम कोट क तहसील कसडोल, भगवान पिता दयालूराम, निवासी ग्राम खर्वे, तहसील कसडोल, बाबूलाल हिरवानी पिता उमाशंकर, निवासी ग्राम पनगांव, तहसील लवन एवं रामकुमार पिता समारू निवासी ग्राम बिजराडीह, तहसील पलारी शामिल हैं। हितग्राहियों के निकट परिजनों के आग से जलने, कुआं, तालाब के पानी डूबने से मौत हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।
चक्रधारी/4/

### 40 लीटर कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार




**बलौदाबाजार, 2 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा के निर्देशन में, सचिंद्र चौबे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एवं अनूप वाजपेई उप पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार के मार्गदर्शन में थाना राजादेवरी पुलिस द्वारा निरीक्षक रघुवीर सिंह ठाकुर के नेतृत्व में शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 01.03.2023 को थाना राजादेवरी की पुलिस टीम द्वारा ग्राम रिकोकला में दबिश देकर अवैध रूप से महुआ शराब बनाकर बिक्री करने वाले 01 शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से कुल 40 लीटर हांथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना राजादेवरी में अपराध क्र. 15/2023 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपी को जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

### कसडोल भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने फूंका मुख्यमंत्री बघेल व गृहमंत्री का पुतला

**कसडोल, 2 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत जी एवं जिलाध्यक्ष सुनील यदु के निर्देशानुसार कसडोल भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष नागेश साहू जी के नेतृत्व में युवाओं ने छत्तीसगढ़ में विगत दिनों सूरजपुर जिले के भैयाथान में भाजपा युवा मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष के ऊपर जानलेवा हमला एवं उनके दोनों पैर को कुचलने की घटना पर शासन प्रशासन की चुप्पी एफआई.आर. दर्ज ना करना कांग्रेस सरकार कि संलीप्तता की ओर इंगित करता है। साथ ही पूरे प्रदेश में भाजपा कार्यकर्ताओ के ऊपर हमला, बेटी बहनों के साथ बलात्कार, चोरी डकैती, लूटपाट, चाकूबाजी जैसी घटना व सामान्य बात पर हथियार निकाल कर हत्या, सामाजिक, राजनीतिक कार्यकर्ताओं पर कांग्रेस के असामाजिक गुंडों द्वारा लगातार हमले उठाईगिरी एवं अपहरण और भोले भाले आदिवासियों के ऊपर फर्जी एफआई.आर. जैसी तमाम घटनाओ के विरोध में आज दिनांक 1 मार्च 2023 पूर्वान्ह 4 बजे राज्य के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू सहित मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का पुतला दहन के दौरान पुलिस कर्मियों से झूमा झटकी के बाद पुतला दहन किया गया। पूरे नगर में रैली के माध्यम से नारे लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया गया। तत्पश्चात कसडोल थाना प्रभारी को पांच बिंदुओं पर मांग के साथ कार्यवाही हेतु ज्ञापन सौंपा गया।

## रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता में मिनीमैक्स ने सिद्धबाबा को हराया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**भाटापारा, 2 मार्च।** यूनिटी क्रिकेट क्लब के तत्वाधन में आयोजित रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता के 14वें दिन सिद्धबाबा और मिनिमैक्स के बीच दुसरे राउंड का मैच खेला गया, जिसमें मिनीमैक्स ने 8 ओवर में शानदार बल्लेबाज़ी करते हुए 102 रन का टारगेट सिद्धबाबा टीम को दिया जिसमे लक्ष्य का पिछा करते हुए सिद्धबाबा वाले 83 रन ही बना पाए। वही मिनिमैक्स के कप्तान आकिब मेमन ने 12 गेंदों में हैट्रिक 3 छक्के के साथ 32 रन की पारी खेलते हुए मज़बूत स्कोर खड़े करने मे अपनी टीम का बहुमूल्य सहयोग दिया जिसके लिए उन्हे मैच की जीत के साथ इस मैच का मैन ऑफ द मैच चुना गया। आकिब को भाटापारा अल्पसंख्यक विभाग के जिला महासचिव तनवीर साह ने मेडल व इनाम वितरण किया। वही आकिब मेमन ने सभी आयोजकगण अरुण मिरी, रवि मारकंडे, सचिन मसीह, मुकेश सिंह, विक्रांत मसीह, अंकित बैनेट, ओमकार सिंह राजपूत, लल्लन उपाध्याय, नरु, बऊवा, पुरषोत्तम, बल्लू, संजू, शुभम, किशन, निखिल, लावेन्द्र, आकाश, बग्गा, शिवा, सत्यप्रकास, असीस, सौरभ, रवि, डी राव, भूषण गुरुजी, विनय, राज, राकेश, संतोष, सतीस, सोहन, पिंटू, विक्रम, मोहन, पिंटू, बिल्लू, इत्यादि सम्मस्त यूनिटी क्रिकेट क्लब के सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया साथ ही अपने साथी खिलाड़ियों को विजयी की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।।यूनिटी क्रिकेट क्लब के फाइनल मैच 5 तारीख तक मुख्य अतिथियो के उपस्थिति में सम्पन्न किया जाना है जहाँ भारी संख्या में दर्शक इस रात्रि कालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आनंद लेने पहुंच रहे हैं।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्यों ने विद्यार्थियों को पेन देकर उज्जवल भविष्य के लिए दी शुभकामनाएं

### रविवि की वार्षिक परीक्षाएं शुरू, दौलत राम शर्मा महाविद्यालय के प्रवेश द्वार पर छात्र-छात्राओं का पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**कसडोल, 2 मार्च।** बलौदाबाजार जिला कसडोल विधानसभा के अंतर्गत विभिन्न स्कूलों व कालेजों में आज दिनांक 1 मार्च 2023 दिन बुधवार से शुरू हो रही परीक्षा में इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में परीक्षार्थियों की संख्या में वृद्धि हुई है।

माध्यमिक शिक्षा मंडल के 12वीं बोर्ड की परीक्षा में इस साल, पिछले साल की अपेक्षा परीक्षार्थियों की संख्या 34 हजार से अधिक बढ़ी है। पिछले साल कोरोनावायरस से छात्रों नें अपने ही स्कूल में परीक्षा दी थी। इस वजह से प्रदेश में 6743 केंद्र बनाए गए थे। इस साल 2418 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा के लिए कोरोना को ले कर अब तक शासन की ओर से कोई गाइडलाइन जारी नहीं की गई है।

इस साल प्रदेश भर में कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में तीन लाख सत्ताईस हजार विद्यार्थी परीक्षा दे रहे हैं, जबकि पिछले साल लगभग दो लाख बियानब्बे हजार छह सौ ग्यारह विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी।

आज ही से रविशंकर शुक्ला विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षाएं भी शुरू हो रही है। इस वर्ष विभिन्न संकाय में एक लाख साठ हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे। बीए, बीकॉम, बीएससी और बीसीए अंतिम वर्ष की परीक्षाओं के साथ इसकी शुरुआत हो रही है। द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं 2 मार्च से और प्रथम वर्ष की परीक्षाएं होली के बाद, 16 मार्च से शुरू होंगी। परीक्षा में शामिल होने वाले सभी छात्रों को तीन साल बाद परीक्षा हाल में बैठकर पेपर लिखना होगा। कोरोना के समय लगातार तीन साल तक छात्रों ने घर से उत्तर पुस्तिकाएं लिखकर कॉलेजों में जमा की थी। ऑफलाइन परीक्षा होने की वजह से पिछले वर्षो की तुलना में इस वर्ष छात्रों की संख्या कम है।

इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कसडोल इकाई द्वारा इन परीक्षाओं में सम्मिलित हो रहे सभी विद्यालयीन व महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं को पेन देकर व पुष्प वर्षा कर तथा तिलक लगाकर परीक्षा में उनकी सफलता व उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। जिसमें निशा जायसवाल प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, प्रीतम जायसवाल, अभिषेक नवरंगे, प्रकृति जायसवाल, फुलेश्वरी बंजारे, भारती पैकरा, यात्री, बालमुकुंद, खुशबू , राहुल राज, तनीषा पैकरा, कविता, हेमा, शशि, आरती, नरेश के साथ सभी कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

## समाचार संक्षेप

### कर्मचारियों ने रोका दल्ली माइन्स के रेक प्वाइंट पर परिवहन



**दल्लीराजहरा, 2 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वनमण्डालिकारी बालोद के निर्देशानुसार डौण्डी वन परिक्षेत्र अधिकारी जीएल साहू एवं दल्ली राजहरा वन परिक्षेत्र अधिकारी आरके नांदुलकर के मार्गदर्शन में समस्त कर्मचारियों के द्वारा दल्ली माईन्स के रेक प्वाईन्ट पर परिवहन को रोका गया। भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा संचालित शाखा राजहरा माइन्स अंतर्गत पण्डरदल्ली, झरन दल्ली, महामाया, राजहरा एवं दल्ली माईन्स से आयरन ओर की परिवहन रेल्वे ट्रेक के माध्यम से भिलाई की जा रही है। जिसकी रायल्टी की लंबित राशि लगभग 15 करोड़ रूपये बकाया है, समय पर जमा नही किये जाने के कारण बुधवार को दल्ली माईन्स के रेल्वे रेक प्वाईन्ट पर वन अमला पहूंचा। इसकी सूचना समय समय पर भिलाई इस्पात संयंत्र के उच्चाधिकारियों को दी जा रही थी। उक्त सूचना पर बीएसपी प्रबंधन द्वारा कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने के चलते वन अमला द्वारा दल्ली माईन्स के रेल्वे ट्रेक लोडिंग प्वाइंट पर पहूचंकर बीएसपी प्रबंधन जीएम पी सिरपुर से चर्चा कर समझाईश दी गई। आगे रेल्वे रेक के माध्यम से हो रहे आयरन ओर की परिवहन पर ट्रांजिट पास जारी की जाए। अन्यथा आगे बिना ट्रांजिट पास के आयरन ओर परिवहन की जाती है तो अवैध परिवहन के तहत वन विभाग द्वारा वन अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाएगी जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी भिलाई स्टील प्लांट प्रबंधन की होगी। इस संबंध में वन परिक्षेत्र अधिकारी आरके नान्दुलकर से चर्चा करने पर उन्होने बताया की बीएसपी प्रबंधन द्वारा वन परिक्षेत्र अंतर्गत गौण खनिज लौह अयस्क बिना ट्रांजिट पास के परिवहन किया जा रहा है। जिसकी सूचना प्रबंधन को कई बार दिया गया है। लेकिन कोई ध्यान नहीं दिये जाने के कारण रेल्वे रेक से हो रहे परिवहन पर रोक लगाने वन अमला माईन्स परिक्षेत्र में पहूंचकर समझाईश दी गई। बकाया रायल्टि की राशि जल्द से जल्द जमा कर ट्रांजिट पास जारी की जाए। अन्यथा परिवहन को अवैध मानते हुए कड़ी कार्यवाही की जाएगी। वहीं आगे उन्होने बताया कि बीएसपी प्रबंधन सीजीएम समीर स्वरूप ने कहा उक्त मामले पर हाई कोर्ट में रिट पिटिंशन दायर की गई है। इस लिए परिवहन में एक सप्ताह का समय मांगा गया है।

### मृत्यु के कारणों का चिकित्सकीय प्रमाणीकरण पर आयोजित की गई कार्यशाला

**बलौदाबाजार, 2 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मृत्यु के कारणों के चिकित्सकीय प्रमाणीकरण (एमसीसीडी) में आ रही दिक्कतों के निराकरण के लिए जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जिला पंचायत के सभागार में जिले के सभी चिकित्सको का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय चिकित्सालयों के कुल 45 चिकित्सक सम्मिलित हुए. कलेक्टर रजत बंसल ने सभी चिकित्सको से एमसीसीडी प्रमाण-पत्र जारी करने में होने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा उनके निराकरण के लिए विभिन्न निर्देश जारी किये। प्रशिक्षण में डॉ नितिन तिवारी, डॉ वसीम रजा, डॉ अभिजीत बनर्जी, डॉ रोहित बाजपेयी प्रशिक्षक रहे ो प्रशिक्षको ने एमसीसीडी फॉर्म भरने से लेकर फॉर्म भरने में होने वाली छोटी छोटी त्रुटियां से अवगत कराते हुए सही प्रविष्टि कैसे किया जाना है इसके सम्बन्ध में विस्तार से बताया. प्रशिक्षण उपरांत योजना एवं सांख्यिकी विभाग के सहायक संचालक सुमीत मेरावी ने अभी तक जारी किये गए प्रमाण पत्रों के विश्लेषण तथा प्राप्त आंकड़ो की समीक्षा की।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सुकमा, जिला-सुकमा (छ.ग.)**

क्रमांक/ 344/प्र.1/अ.वि.अ.( रा. )/2023
सुकमा, दिनांक 21/02/2023

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती भारती गुप्ता पति श्री राजीव शर्मा, साकिन सुकमा, तहसील+जिला सुकमा पटवारी हल्का नं. 13/सुकमा, रा.नि.मं. सुकमा में स्थित स्वामित्व हक की भूमि खसरा नम्बर 1273/4 रकबा 0.060 हे. में से 0.0048 हे. भूमि को 'आवासीय प्रयोजन' हेतु व्यपवर्तन की अनुमति बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त आवेदित भूमि आवेदक को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन अनुमति बाबत प्रकरण दर्ज किया गया है।

अतः उपरोक्त के संबंध में किसी व्यक्ति या शासकीय/अशासकीय संस्था को यदि कोई आपत्ति हो तो आपत्ति का स्पष्ट कारणों का उल्लेख करते हुए अभ्यावेदन/आपत्ति स्वयं या अपने मान्य अभिकर्ता के माध्यम से दिनांक 09/03/2023 तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

यह उद्घोषणा पत्र आज दिनांक 21/02/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी ( रा. )
सुकमा, जिला-सुकमा

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सुकमा, जिला-सुकमा (छ.ग.)**

क्रमांक/341/अ.वि.अ.( रा. )/2023
सुकमा, दिनांक 21/02/2023

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती भारती गुप्ता पति श्री राजीव शर्मा, निवासी सुकमा तहसील+जिला सुकमा के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर नगर सुकमा में स्थित उनके भूमि स्वामित्व हक की भूमि ख.नं. 1273/4 रकबा 0.060 हे. में से 0.011 हे. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन की अनुमति बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं।

उक्त आवेदित भूमि आवेदकगण को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने की अनुमति बाबत ऑनलाईन प्रकरण दर्ज किया गया है।

अतः उपरोक्त के संबंध में किसी व्यक्ति या शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था को यदि कोई आपत्ति हो तो आपत्ति का स्पष्ट कारणों का उल्लेख करते हुए अभ्यावेदन/आपत्ति स्वयं या अपने मान्य अभिकर्ता के माध्यम से दिनांक 09/03/2023 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र में विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा पत्र आज दिनांक 21/02/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी ( रा. )
सुकमा, जिला-सुकमा

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, बस्तर मण्डल , जगदलपुर**

-:::ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना::::-

https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है:-
निविदा डाऊनलोड करने की अंतिम तिथि:- 14/03/2023

| स. क्र. | नि.आ. सू.क्र./ नि.आ.सू. दिनांक | सिस्टम निविदा क्रमांक निवदा का क्रम | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रूपये लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 |
| 1 | 37/2022-23 दिनांक 27/02/2023 | 126178 (द्वितीय आमंत्रण) | दोरनापाल एवं सुकमा उपसंभाग अंतर्गत सुकमा पावारास मार्ग लम्बाई 2.80 कि.मी. सुकमा टाऊन मार्ग लम्बाई4.00 कि.मी. सुकमा पॉलिटेक्निक पहुंच मार्ग 1.00 कि.मी. रामाराम पातर सुकमा मार्ग लम्बाई 6.00 कि.मी.नागारास कोट्टीगुड़ा मार्ग लम्बाई 2.00 कि.मी. रामाराम शबरी पहुंच मार्ग लम्बाई 1.10 कि.मी.में बी.टी. नवीनीकरण कार्य। | 170.14 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
बस्तर मंडल जगदलपुर

जी-98954/6

### गट्टा सिल्ली में सत्याग्रह की सौंवीं बर्षगांठ पर एकजुट हुए हजारों आदिवासी

## प्राकृतिक संसाधनों पर अधिकार की पुनर्स्थापना की मांग पर जंगल सत्याग्रह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 2 मार्च।** साल 1922 में धमतरी के सिहावा में जंगल सत्याग्रह के सौंवी वर्षगांठ पर पूरे छत्तीसगढ़ के हजारों आदिवासी एकजुट होकर प्राकृतिक संसाधनों जल, जंगल और जमीन पर अपने अधिकारों की पुर्नस्थापना की मांग को बुलंद करने के लिए तीन दिवसीय जंगल सत्याग्रह कर रहे हैं। जंगल सत्याग्रह 2 मार्च से जिले के गट्टा सिल्ली गांव में शुरू होगा।

एकता परिषद के राष्ट्रीय संयोजक रमेश भाई ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि सत्याग्रह के पहले दिन प्रदेश के 20 जिलों के अलग-अलग जनजातीय समुदाय के लगभग 8 हजार प्रतिनिधि, जननेता, ग्रामीण मुखिया और आदिवासी महिला पुरूष प्रख्यात गांधीवादी व सर्वोदयी नेता तथा एकता परिषद के संस्थापक राजगोपाल पी.व्ही के नेतृत्व में चार किमी लम्बी सत्याग्रह पदयात्रा करेंगे और उसके बाद तीन दिवसीय सत्याग्रह प्रारंभ होगा।

श्री रमेश भाई ने बताया कि इस जंगल सत्याग्रह के माध्यम से प्रदेश में वनाधिकार और पेसा कानून के प्रभावी क्रियांवयन और अन्य मुद्दों पर छत्तीसगढ़ शासन से संवाद की रणनीति भी बनायी जायेगी। उन्होने कहा कि सत्याग्रह में पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरविंद नेताम, पूर्व केन्द्रीय मंत्री भक्तचरण दास, अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के मनीष कुंजाम, एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष रनसिंह परमार, किसान आंदोलन के सुदेश पैंकरा, आसाम के आदिवासी सांसद नब्बासरण्या, सरगुजा के आदिवासी नेता गंगाराम पैंकरा, राष्ट्रीय संयोजक अनिष




कुमार, वरिष्ट कार्यकर्त्ता अनिल भाई, हरियाणा के राकेश तंवर, उड़ीसा के भरत भूषण सहित देश भर के गांधीवादी सामाजिक कार्यकर्ता और जंगल सत्याग्रह के सत्याग्रही परिवार के वंशज भी शामिल होंगे।

श्री रमेश भाई ने बताया कि पूरे प्रदेश में फरवरी माह में वनाधिकार संवाद पदयात्रा का आयोजन जिला स्तर पर किया गया और पदयात्रा के माध्यम से प्राप्त समस्याओं को प्रशासन और निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को समाधान व कार्यवाही के लिए सौंपा गया था। उन समस्याओं और वनाधिकार कानून की सफलताओं पर भी सत्याग्रह के दौरान चर्चा की जाएगी।

जंगल सत्याग्रह के संयोजक मंगलूराम जगत और लोकेश्वरी वट्टी ने बताया कि इस दौरान आदिवासी क्षेत्रों में काम करने वाले प्रमुख लोगों जैसे पदमश्री अजय मण्डावी, जंगल सत्याग्रह इतिहास के लेखक आशीष ठाकुर, आदिवासी नेता मनीष कुंजाम और वरिष्ठ आदिवासी कार्यकर्ता गंगाराम पैंकरा को सम्मानित किया जायेगा। जंगल सत्याग्रह की तैयारी के लिए एकता परिषद् के वरिष्ट साथियों का एक समूह बीते एक माह से धमतरी के विभिन्न गॉंव में सीताराम सोनवानी, अरुण कुमार और मुरली भाई के नेतृत्व में कार्य कर रहे है।

## एक नजर

### विश्व श्रवण दिवस पर निःशुल्क डिजिटल श्रवण यंत्र वितरण 3 को

**रायपुर 2 मार्च।** रोटरी क्लब ऑफ रायपुर, अर्पण कल्याण समिति एवं हियरिंग केयर सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में विश्व श्रवण दिवस पर अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल के बच्चों को डिजिटल श्रवण यंत्र का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। तीन मार्च को शाम पांच बजे से वृंदावन सभागार, सिविल लाईन में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छग राज्य जैव विविधता बोर्ड के अध्यक्ष राकेश चतुर्वेदी होंगे। अध्यक्षता रायपुर नगर निगम के सभापति, पूर्व महापौर तथा अर्पण कल्याण समिति के संरक्षक प्रमोद दुबे करेंगे। रोटरी क्लब ऑफ रायपुर के अध्यक्ष भरत डागा, आडियोलाजिस्टि डॉ. राकेश पांडे एवं अर्पण कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा की विशेष उपस्थित रहेगी।

### रायपुर से तीन प्रतिभागी सीनियर नेशनल ऑर्बिटर की प्रावीण्य सूची में

**रायपुर, 2 मार्च ।** मुंबई में दो दिवसीय सीनियर नेशनल ऑर्बिटर कार्यशाला एवं परीक्षा का आयोजन विगत दिनों अखिल भारतीय शतरंज संघ एवं इंडियन चेस स्कूल के द्वारा किया गया, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से 40 प्रतिभागियों को चुना गया, जिसमें छत्तीसगढ़ से 4 प्रतिभागी शामिल हुए. इनमें रायपुर जिला शतरंज संघ के सदस्यों एवं टीम चेस सिटी रायपुर के सह संस्थापक शुभम बसोने एवं हर्ष शर्मा तथा अनूप कुमार झा ने प्रावीण्य सूची में ग्रेड के अंतर्गत क्रमशः तीसरा, पांचवां एवं आठवाँ स्थान प्राप्त कर रायपुर जिले के साथ साथ प्रदेश का भी गौरव बढ़ाया . छत्तीसगढ़ के चौथे प्रतिभागी मोहम्मद अयाज़ चामडिया ने भी चौथे स्थान पर आते हुए ग्रेड ए से परीक्षा उत्तीर्ण की है. सीनियर नेशनल ऑर्बिटर का कार्य संपूर्ण देश में आयोजित होने वाली विभिन्न राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका निभाना होता है, तथा इनके निर्णय एवं कार्य प्रत्यक्ष रूप से शतरंज के विकास में प्रभावी होते हैं। कार्यशाला में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक श्री स्वप्निल बंसोड़ के द्वारा शतरंज के विभिन्न नियमों एवं विनियमों की जानकारी प्रतिभागियों को दी गयी एवं अंत में राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें ग्रेड एवं अर्जित करने वाले प्रतिभागियों को ही सीनियर नेशनल ऑर्बिटर का टाइटल दिया गया . रायपुर जिला शतरंज संघ के सचिव श्री नवीन शुक्ला जी ने इनकी इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया एवं शुभकामनाएं दी तथा भविष्य में जिला शतरंज संघ के द्वारा पूर्णतः सहयोग का आश्वासन दिया . इनकी इस उपलब्धि पर टीम चेस सिटी रायपुर के फाउंडर विनेश दौलतानी और अभी चेस क्लब के अभिषेक कुमार श्रीवास्तव ने भी बधाई दी है और उज्जवल भविष्य की कामना की है.

### कलेक्टर ने किया नवनिर्मित सी-मार्ट का अवलोकन

**रायपुर, 2 मार्च ।** कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने आज निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी के साथ नगर निगम के जोन क्रमांक 7 में बने सी- मार्ट का अवलोकन किया। अवलोकन के दौरान उन्होंने कहा कि सी-मार्ट में महिला स्व-सहायता समूहों तथा गौठानो में निर्मित उत्पादों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिससे लोगो को सस्ती दरों पर प्रकृति अनुकूल उत्पाद मिल सकें। गौठानो में निर्मित ज्यादा से ज्यादा उत्पाद उपलब्ध कराने से महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

### राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए तहसीलों में लगाए जाएंगे शिविर

**रायपुर, 2 मार्च ।** कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे ने जिले के राजस्व प्रकरणों के निराकरण हेतु राजस्व अधिकारियों को तहसील कार्यालयों में शिविर लगाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर डॉ भुरे ने बताया कि अभनपुर के तहसील कार्यालय में 16 मार्च को, खरोरा के तहसील कार्यालय में 23 मार्च को, तिल्दा के तहसील कार्यालय में 25 मार्च को और गोबरा-नवापारा के तहसील कार्यालय में 30 मार्च को शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राजस्व शिविर में नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, व्यपवर्तन, किसान-किताब, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा।

### निखिल चंद्राकर ने ईडी पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

**रायपुर 2 मार्च।** ईडी के अफसरों की प्रताड़ना की शिकायत अब केंद्र सरकार तक पहुंची है। श्भ्रष्ठ के अफसरों की प्रताड़ना का शिकार हुए पीड़ित निखिल चंद्राकर ने ईडी के डायरेक्टर को एक पत्र लिखा है। पत्र की प्रतिलिपि प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के साथ-साथ मुख्यमंत्री, डीजीपी और रायपुर एसएसपी को भी भेजी गयी है। ईडी के डायरेक्टर को भेजे पत्र में निखिल ने लिखा है कि जांच के नाम पर ईडी के असिस्टेंट डायरेक्टर निर्मल झरवाल प्रताड़ित करते हैं। निर्मल झरवाल की लिखित शिकायत में निखिल चंद्राकर ने कहा है कि कोयला घोटाले की जांच के नाम पर छत्तीसगढ़ के व्यापारियों, किसानों, उद्योगपतियों और आम लोगों के बीच दहशत फैलाने का काम कर रहे हैं।

# बस्तर में भाजपा नेताओं की हत्या व धर्मांतरण पर सदन में शोर-शराबा

## सदन की कार्यवाही तीन बार हुई स्थगित

- गर्भगृह में धरना एवं नारेबाजी करने वाले सदस्य स्वमेव निलंबित

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 2 मार्च।** विधानसभा में आज प्रश्नकाल के तत्काल पश्चात भाजपा के शिवरतन शर्मा ने बस्तर में आदिवासी नेताओं की हत्या और धर्मांतरण के मामले को लेकर सरकार को कटघरे में खड़ा किया। धर्मांतरण के मुद्दे को लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष में तीखी नोंक-झोक हुई। भाजपा द्वारा लगाए गए आरोप के चलते विधानसभा की कार्रवाई तीन बार स्थगित की गई। भाजपा के उत्तेजित सदस्य विधानसभा के गर्भगृह में नारे लगाते पहुंच गए और जमकर नारेबाजी की।

विधानसभा में आज शून्यकाल के दौरान भाजपा के शिवरतन शर्मा, बृजमोहन अग्रवाल, अजय चंद्राकर, रंजना साहू सहित अन्य सदस्यों ने बस्तर में भाजपा नेताओं की हो रही हत्या पर अपना विरोध जताया और सरकार को कटघरे में खड़े करते हुए कहा कि बस्तर में भाजपा नेताओं की हत्या हो रही है जिससे यहां पर दहशत व्याप्त है। नारायणपुर तथा अन्य स्थानों पर धर्मांतरण के मुद्दे को लेकर भी अजय चंद्राकर ने कहा कि सरकार को इस पर तत्काल चर्चा कराना चाहिए। रंजना डिपेन्द्र साहू एवं सौरभ सिंह ने भी भाजपा नेताओं की हत्या को निंदनीय बताया। भाजपा के सदस्यों ने इस मुद्दे को लेकर सरकार को घेरा। सत्ता पक्ष की ओर से कैबिनेट मंत्री कवासी लखमा सहित अन्य सदस्यों ने अपना विरोध जताया। इसको लेकर सदन में जमकर हंगामा हुआ। उपाध्यक्ष संतराम नेताम ने विस की कार्रवाई दस मिनट के लिए स्थगित कर दी। इसके पश्चात सदन की कार्रवाई पुनः शुरू हुई। भाजपा के सदस्यों ने सरकार से इसका जवाब मांगा और निर्दोष भाजपा नेताओं की हत्या के लिए सरकार को दोषी बताया। सत्तापक्ष की ओर से भी विपक्ष के सदस्यों पर हमला बोला गया। दोनों पक्ष में तीखी बहस हुई। सदन की कार्रवाई पहले सवा बजे, फिर डेढ़ बजे के बाद स्थगित हुई। लेकिन तीसरी बार जब सदन की कार्रवाई शुरू हुई तब सदस्य उपाध्यक्ष के कहने पर भी शांत नहीं हुए। उपाध्यक्ष बार-बार समझाईश देते रहे लेकिन उत्तेजित भाजपा सदस्य नहीं माने। अंततः वे विधानसभा के गर्भगृह में आकर नारे लगाने लगे। विधानसभा के नियमानुसार विधानसभा की कार्रवाई से स्वमेव निलंबित हो गए।

### पटल पर रखे गए प्रतिवेदन

अध्यक्ष चरणदास महंत के निर्देश पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ लोक आयोग अधिनियम का प्रतिवेदन, मोहम्मद अकबर द्वारा छत्तीसगढ़ भूसंपदा विनियामक प्राधिकरण का वार्षिक प्रतिवेदन, उमेश पटेल द्वारा निजी विवि अधिनियम, उच्च शिक्षा मंत्री द्वारा कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विवि का प्रतिवेदन पटेल पर रखा गया।

विरोध..



रायपुर 2 मार्च। ईडी के छापों के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन आज भी जारी रहा। कांग्रेसियों ने ईडी कार्यालय के बाहर आज खाना बनवाया।

### संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन 3 को

**रायपुर, 2 मार्च।** केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री श्री अजय कुमार मिश्रा जी की अध्यक्षता में राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 03 मार्च, 2023 को शहीद स्मारक भवन, रायपुर में मध्य एवं पश्चिमी क्षेत्रों का संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है । सम्मेलन के संबंध में विस्तृत जानकारी देने के लिए 02 मार्च, 2023 (गुरूवार) को पूर्वाह्न 11:30 बजे, सेंट्रल बैंक ऑफइंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय, बॉम्बे मार्केट, जी. ई. रोड, रायपुर में एक पत्रकार-वार्ता का आयोजन किया गया है । इस पत्रकार-वार्ता को राजभाषा विभाग के निदेशक, श्री बी. एल. मीना संबोधित करेंगे । उक्त कार्यक्रम में आप सादर आमंत्रित हैं ।

### नई गाड़ी का टेम्परी रजिस्ट्रेशन अब होगा 6 माह के लिए

**रायपुर 2 मार्च।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में प्रदेश में परिवहन विभाग द्वारा ट्रांसपोर्टर और डीलरों के माँग पर तत्काल कार्यवाही की जा रही है । इसके तहत परिवहन विभाग द्वारा परिवहन सुविधाओं को लगातार ऑनलाइन उपलब्ध कराया जा रहा है । इसी कड़ी में नये ख़रीदे जाने वाले गाड़ी के टेम्परी रजिस्ट्रेशन आवेदन भी अब गाड़ी ख़रीदने समय गाड़ी विक्रेता डीलर के द्वारा किया जा सकेगा। पूर्व में टीआर रजिस्ट्रेशन की वैलिडिटी एक माह की होती थी जिस समय सीमा के अंदर वाहन क्रेता को अन्य ज़िले अथवा अन्य राज्य में जाकर गाड़ी का स्थायी रजिस्ट्रेशन कराना होता था । कई बार इस सीमां में स्थायी रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाता है जिससे की वाहन क्रेता को पेनाल्टी लग जाता है। इस समस्या का समाधान करने परिवहन विभाग ने टेम्परी रजिस्ट्रेशन की वैधता अब बढ़ाकर 6 माह कर दी है। क्या होता है टेम्परी रजिस्ट्रेशन यदि आप किसी और ज़िले से नई गाड़ी ख़रीद रहे है तो आपको डीलर टेम्परी रजिस्ट्रेशन कर के देता है जिसे अपने ज़िले के आरटीओ में जमा कर स्थायी रजिस्ट्रेशन नंबर लिया जाना होता है। इसी तरह यदि आप राज्य से नई गाड़ी ख़रीद कर लाते है या छत्तीसगढ़ से नई गाड़ी ख़रीद कर किसी और राज्य में ले जाते है तो आपको टेम्परी रजिस्ट्रेशन करा कर गाड़ी ले जानी होती है।

## निशुल्क जांच शिविर में बहरापन एवं कांक्लियर इम्प्लांट का लोगों ने उठाया लाभ

**रायपुर 2 मार्च।** रोटरी क्लब आफ रायपुर द्वारा राजधानी के सुप्रसिद्ध डॉक्टर राकेश पांडे के सहयोग से निशुल्क बहरापन एवं काक्लियर इम्प्लांट शिविर का आयोजन किया गया। हियरिंग केयर सेंटर में आयोजित शिविर में बोलने एवं सुनने में समस्या आ रहें पन्र्दह से अधिक लोगों ने जांच कराए। शिविर में ना सिर्फ रायपुर के लोग पहुचे अपितु जांजगीर-चांपा और बिलासपुर से आकर लोगो ने जांच करवाई । रोटरी क्लब आफ रायपुर के अध्यक्ष भरत डागा ने बताया कि रोटरी क्लब समय-समय पर चिकत्सा के विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ डाक्टरों के माध्यम से स्वास्थ्य शिविरो का आयोजन करता रहता है। क्लब के सचिव नवीन आहूजा जी ने जानकारी



देते हुए कहा कि डॉ राकेश पांडे चिकित्सक के अलावा समाज सेवक भी है । ये कई मूक बधीर बच्चो का निशुल्क इलाज भी कर रहे हैं। डॉ पांडे ने बताया कि माता पिता यदि सजग रहे और बच्चों में सुनने बोलने की समस्या दिखे तो तत्काल चिकत्सा प्रारंभ करने से लाभ प्राप्त होने के चांसेज काफी बड़ जाते हैं। आमतौर पर माता पिता ऐसे समय में या तो घरेलु उपाय करते हैं या फिर यह मान कर चलते हैं कि बच्चा अभी छोटा है कुछ बड़ा हो जायेगा तो अपने आप ठीक हो जायेगा । इस अवसर पर रोटरी क्लब के विकास अग्रवाल, सुभाष साहू, एन सी मोरियानी, दमयंती गुप्ता, राजीव मूंदड़ा आदि ने मरीजों और उनके परिजनों को जांच के लिए मार्गदर्शन व सहयोग प्रदान किया।

## संत कवि पवन दीवान को विप्र समाज 3 को देगा श्रद्धांजलि

**रायपुर 2 मार्च।** संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन के सौजन्य से छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में विप्र सांस्कृतिक भवन प्रबंध समिति द्वारा 3 मार्च को संत कवि पवन दीवान श्रद्धांजलि सभा एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए आयोजन समिति के प्रमुख ज्ञानेश शर्मा एवं नरेन्द्र तिवारी ने बताया कि पुरोधा संत कवि पवन दीवान की पुण्य स्मरण में छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा एवं सम्मान समारोह श्रद्धांजलि सभा एवं सम्मान समारोह में भूपेश बघेल ,मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन ,मुख्य अतिथि, अमरजीत भगत संस्कृति मंत्री छत्तीसगढ़ शासन की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ मंत्री रविंद्र चौबे की गरिमामय विशिष्ट आतिथ्य उपस्थिति में 3 मार्च संध्या 4:30 बजे विप्र भवन समता कॉलोनी में संपन्न होगा । योग आयोग छत्तीसगढ़ शासन के अध्यक्ष एवं आयोजन प्रमुख ज्ञानेश शर्मा ने बताया कि संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन के सौजन्य से विगत 5 वर्षो से छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज द्वारा पवन दीवान की पुण्य स्मृति में छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ साहित्यकारों एवं कवि का सम्मान किया जाता है। हास्य व्यंग्य के अंतराष्ट्रीय कवि सुरेन्द्र दुबे,साहित्यकार अरुण कुमार निगम,एवं काशीपुरी कुंदन को सम्मानित किया जाएगा।इसके पूर्व पवन दीवान को श्रद्धा सुमन स्वरूप पुण्य स्मृति में काव्य पाठ का आयोजन भी किया गया है।

## 14 से 18 वर्ष की बालिकाओं को स्वास्थ्य शिक्षा के साथ पूरक पोषण आहार मिलेगा : अनिला

**रायपुर, 2 मार्च।** छत्तीसगढ़ के 10 आकांक्षी जिलों में बालिकाओं को स्वास्थ्य संबंधी देखभाल और उन्हें पूरक-पोषण आहार उपलब्ध कराने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा जल्द ही पहल की जाएगी। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना को राज्य के सभी जिलों में विस्तारित करने की भी योजना है। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया ने आज यहां अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर आयोजित महिला सुरक्षा एवं पोषण जागरूकता कार्यशाला को सम्बोधित कर रहीं थी। उन्होंने कहा कि आकांक्षी जिलों में अब 14 से 18 वर्ष की बालिकाओं को स्वास्थ्य संबंधी देखभाल की जानकारी के साथ-साथ इन बालिकाओं को पूरक पोषण आहार भी दिया जाएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज परिसर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में महिला सुरक्षा और पोषण जागरूकता विषय पर आयोजित कार्यशाला में महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती भेंड़िया ने कहा कि महिलाओं के अधिकारों के संरक्षण और उनके सशक्तिकरण की दिशा में लगातार काम किया जा रहा है और इसे और अधिक गति देने के प्रति राज्य सरकार संकल्पित है। उन्होंने कहा कि कार्यशाला में महिलाओं को आत्मरक्षा के तरीके सिखाए गए हैं, जिसे सभी महिलाओं को सिखाएं। महिला दिवस सिर्फ एक दिन न होकर हर दिन हो। परेशानी होने पर महिलाएं विभाग द्वारा सभी जिलों में संचालित सखी सेंटर में जा सकती हैं। श्रीमती भेंड़िया ने अनुरोध किया कि राजधानी के बीटीआई ग्राउंड में आयोजित महिला मंड़ई में जाकर छत्तीसगढ़ की महिला समूह और उद्यमियों का सभी उत्साह और हौसला बढ़ाएं। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती आनिला भेड़िया ने कार्यक्रम का दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर संसदीय सचिव श्रीमती रश्मि सिंह, संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा, धरसींवा विधायक श्रीमती अनिता योगेन्द्र शर्मा, पंडरिया विधायक श्रीमती ममता चन्द्राकर, छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक और छत्तीसगढ़ बाल संरक्षण आयोग की सदस्यगण श्रीमती आशा यादव और श्रीमती पुष्पा पाटले भी उपस्थित थीं। महिला एवं बाल विकास विभाग की संचालक श्रीमती दिव्या मिश्रा ने बताया कि इस साल अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की थीम डिजिट ऑलः लैंगिक समानता के लिए नवाचार और प्रौद्योगिकी है।

## पुरखौती मुक्तांगन की नई साज-सज्जा के साथ बढ़ायी जाएगी सुविधाएं

**रायपुर, 2 मार्च।** पुरखौती मुक्तांगन में नई साज-सज्जा कर इसे भव्य और आकर्षक बनाया जाएगा। संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत ने आज विभागीय कार्यों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों से कहा कि पुरखौती मुक्तांगन में पर्यटक सुविधाएं बढ़ायी जाए। उन्होंने कहा कि यहां आने वाले पर्यटक एवं सैलानियों को बेहतर सुविधाएं मिलनी चाहिए। संस्कृति मंत्री श्री भगत ने कहा कि पुरखौती मुक्तांगन में आने के लिए पर्यटकों को ऑनलॉइन टिकिट की व्यवस्था की जाए। इसके अलावा टिकिट काउन्टर की संख्या बढ़ाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुरखौती मुक्तांगन में नई साज-सज्जा की जाए। यहां प्रवेश द्वारा को और अधिक भव्य और आकर्षक बनाया जाए। यहां पार्किंग-स्पेस को भी बढ़ाया जाए। चिन्हारी योजना की समीक्षा में उन्होंने अधिकारियों को ज्यादा से ज्यादा स्थानीय कलाकारों को मौका दिया जाने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने कलाकारों का पंजीयन, वरिष्ठता व राष्ट्रीय स्तर पर दिए गए कार्यक्रमों के आधार पर उनका ग्रेडेशन करने और कलाकारों की प्रोत्साहन राशि बढ़ाए जाने के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कलाकारों के पंजीयन, चिकित्सा सुविधा, पेंशन संबंधी प्रकरणों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। संस्कृति मंत्री श्री भगत ने बैठक में छत्तीसगढ़ी संस्कृति और परम्परा के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए पर्यटन केन्द्रों तथा सूचना केन्दों में आदिम कला संस्कृति व राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव की ब्रोशर, पोस्टर लगाने के निर्देश दिए। मंत्री श्री भगत ने गढ़ कलेवा की प्रगति की भी समीक्षा की। अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश के 33 जिलों में से 16 जिलों में गढ़ कलेवा का संचालन किया जा रहा है। शेष जिलों में भी इस वर्ष गढ़ कलेवा का संचालन शुरू हो जाएगा। इस मौके पर संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के सचिव अन्बलगन पी., संचालक विवेक आचार्य सहित अन्य संबंधित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## जोनों में 3 और 4 मार्च को किया जाएगा जनसमस्या निदान शिविर का आयोजन

**रायपुर 2 मार्च।** रायपुर नगर पालिक निगम के महापौर एजाज ढेबर के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा सभी 10 जोनों के कार्यालयों में नगर निगम क्षेत्र के समस्त 70 वार्डों के रहवासियों की सफाई, पेयजल, स्ट्रीट लाईट सहित दैनिक जीवन से जुड़ी नगर निगम से सम्बंधित सभी मौलिक समस्याओं के त्वरित निदान हेतु दिनांक 3 एवं 4 मार्च को कार्यालयीन अवधि प्रातः 10 बजे से संध्या 5.30 बजे तक जनसमस्या निदान शिविर जनसुविधा की दृष्टि से लगाये जायेंगे। रायपुर नगर पालिक निगम प्रशासन द्वारा समस्त वार्ड पार्षदगणों से शिविर में वार्डवासियों की मौलिक जनसमस्याओं के त्वरित निदान हेतु शिविर में जनहित में जनसुविधा हेतु उपस्थित रहने का विनम्र अनुरोध किया गया है, वहीं सभी वार्ड वासी नागरिकों से रायपुर नगर निगम से सम्बंधित मौलिक जनसमस्याओं से नगर निगम को अवगत करवाकर उनका त्वरित निदान प्राप्त करने अधिक से अधिक संख्या में अपने वार्ड क्षेत्र से सम्बंधित निगम जोन कार्यालय में शिविर में उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।

यहां यह विशेष उल्लेखनीय है कि महापौर एजाज ढेबर के निर्देशानुसार पूर्व में नगर निगम प्रशासन द्वारा सभी 70 वार्डों के रहवासियों की मौलिक जनसमस्याओं से अवगत होकर उनका त्वरित निदान करवाने मोर महापौर मोर द्वार एवं तुंहर सरकार तुंहर द्वार शिविरों का आयोजन करके प्राप्त जनसमस्याओं का त्वरित निदान किया है। आयुक्त मयंक चतुर्वेदी ने सभी जोन कमिश्नरगणों एवं कार्यपालन अभियन्तागणों सहित सभी जोनों के सभी विभागों के जोन अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जनसमस्या निदान शिविर में दोनों दिन 3 एवं 4 मार्च 2023 को नियत समय पर उपस्थित रहकर नागरिकों की नगर निगम रायपुर से सम्बंधित सभी मौलिक जनसमस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनकर यथासंभव सभी मौलिक जनसमस्याओं का त्वरित निदान करवाना जनहित में प्राथमिकता से सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है। आयुक्त ने सभी जोन कमिश्नरगणों एवं कार्यपालन अभियन्तागणों को रायपुर जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, खाद्य विभाग, समाज कल्याण विभाग सहित विभिन्न शासकीय विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों से समन्वय के साथ 3 एवं 4 मार्च 2023 को होने वाले जनसमस्या निदान शिविर में वार्ड वासी नागरिकों को आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, डॉक्टर खूबचंद बघेल स्वास्थ्य योजना,

मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना, राशन कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं, सम्पतिकर, यूजर चार्ज सहित सभी निगम करों की अदायगी, नियमितीकरण आवेदन जमा करने सहित छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग और रायपुर जिला प्रशासन की लोककल्याणकारी मंशा के अनुरूप शासकीय योजनाओं का शिविर स्थल पर एक छत के नीचे त्वरित वांछित लाभ दिलवाना जनहित में प्राथमिकता बनाकर सुनिश्चित करने, सभी वार्डों में रहवासियों को 3 एवं 4 मार्च 2023 के दो दिवसीय जनसमस्या निदान शिविर की जानकारी सार्वजनिक मुनादी करवाकर देना सुनिश्चित करने निर्देश दिये हैं, ताकि अधिकाधिक संख्या में वार्डवासी नागरिक पहुंचकर शिविर में त्वरित जनसमस्या निदान करवाकर सहजता एवं सरलता से पूर्ण वांछित लाभ प्राप्त कर सकें।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23